भीम प्रज्ञा अलर्ट

जो समाज आस्था को विवेक से और शक्ति को जिम्मेदारी से नहीं जोड़ता, वहां परंपराएं पूजा नहीं, व्यापार बन जाती हैं और संवेदनाएं शोर में दब जाती हैं।

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-60 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 19 जनवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## गौ सेवा या गौ के नाम पर कारोबार? आस्था, अनुदान और आवारा सच

गाय भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आस्था का केंद्र रही है। उसे माता कहकर पूजने की परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक रही है। लेकिन आज यह प्रश्न पूरे समाज के सामने खड़ा है कि क्या वास्तव में हम गौ सेवा कर रहे हैं, या गौ के नाम पर एक संगठित गोरखधंधा फल-फूल रहा है? सड़कों पर कचरा खाती, पॉलिथीन निगलती, दुर्घटनाओं का शिकार होती गायें और दूसरी ओर गौशालाओं में हवन-यज्ञ, गौ कथा, सरकारी अनुदान और चंदे का उत्सव – यह विरोधाभास हमारी संवेदनाओं पर सीधा प्रहार करता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

वर्तमान समय में 'गौ रक्षक ', 'गौ सेवा समिति ', 'गौ उपचार केंद्र' जैसे नामों से अनेक संगठन खड़े हो गए हैं। गांव-गांव में वास्तविक गौशालाओं की जगह अब प्रतीकात्मक 'गौ उपचार केंद्र' खुलने का चलन बढ़ा है। दो-चार जख्मी या वृद्ध गायों को सामने बांधकर सहानुभूति जुटाई जाती है, फोटो खिंचते हैं, वीडियो बनते हैं और फिर चंदे व सरकारी अनुदान का रास्ता खुल जाता है। लेकिन सच्चाई यह है कि गाय का वास्तविक निवाला रसूखदार निगल रहे हैं और गाय खुद सड़कों पर भटक रही है। धार्मिक परंपराओं में गोदान की रीति रही है। कभी यह सचमुच दूध देने वाली गाय या बछड़ी दान करने का प्रतीक था, ताकि सेवा और पालन का दायित्व आगे बढ़े। लेकिन आज गोदान चांदी की चमचमाती गाय की मूर्ति और नकद लेन-देन तक सिमट गया है। कर्मकांड के दौरान रस्सी, परात, बाल्टी सब कुछ प्रतीकात्मक हो गया है, असली गाय कहीं नहीं। और यदि कोई दबाव में आकर जीवित गाय दान कर भी दे, तो कुछ दिन बाद वही गाय सड़कों पर छोड़ दी जाती है। परिणाम वही – लाठी, भूख, कचरा और अपमान। गोदान के नाम पर धर्म का निर्वाह हो गया, लेकिन गाय का भविष्य अंधकारमय रह गया। विडंबना यह है कि गौशालाओं में हवन-यज्ञ होते हैं, हजारों गायों के नाम पर अनुदान आता है, प्रसाद में खीर बंटती है, लेकिन दूध थैली-पैक बाजार से आता है। गौमूत्र, पंचगव्य और जैविक उत्पाद गौशालाओं से बिकते हैं, पर गायों के लिए पर्याप्त चारा, चिकित्सा और आश्रय का अभाव बना रहता है। यह कैसी गौ सेवा है, जहां उत्पाद तो 'गौ आधारित' हैं, पर गाय खुद व्यवस्था से बाहर है?

सरकारी स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक है। डबल इंजन सरकारों द्वारा गौ संरक्षण के नाम पर साल में दो-दो किस्तें गौशालाओं और उपचार केंद्रों को दी जा रही हैं। मकर संक्रांति जैसे पर्वों पर दान की बाढ़ आ जाती है। लेकिन सड़कों, बाजारों और खेतों में घूम रहे आवारा गोवंश का कोई धनी-धोरी नहीं। विशेषकर कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न हाइब्रिड नस्लें – जर्सी, होल्सटीन, मिश्रित सांड – जिन्हें न तो गौशालाएं अपनाना चाहती हैं और न ही कोई नीति उन्हें समाहित करती है। यही आवारा गोवंश किसानों की फसलों को चौपट कर रहा है, सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है और कई बार निर्दोष लोगों की अकाल मृत्यु का कारण बनता है। दर्दनाक तथ्य यह है कि ऐसी मौतों को 'प्राकृतिक' या 'दुर्घटना' मानकर बीमा कंपनियां क्लेम तक नहीं देतीं। न नीति है, न समाधान और न ही साहसिक निर्णय लेने की इच्छाशक्ति।

स्थिति और भी विचित्र तब हो जाती है जब कोई किसान या पशुपालक अपने पशुधन को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाता है। तथाकथित गौ रक्षक दल रास्ते में आतंक की तरह टूट पड़ते हैं, वाहन रोके जाते हैं, पुलिस कार्रवाई होती है। जबकि बाजारों और हाईवे पर घूमती आवारा गायों पर कोई हाथ डालने को तैयार नहीं। यह चयनात्मक 'गौ भक्ति' दरअसल सेवा नहीं, बल्कि राजनीति और भय का उपकरण बन चुकी है। यह कहना भी अन्याय होगा कि हर जगह स्थिति एक जैसी है। कुछ गौशालाएं और उपचार केंद्र ईमानदारी से सेवा कर रहे हैं। वहां इलाज, चारा और संरक्षण का वास्तविक प्रयास दिखाई देता है। लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे केंद्र भी हैं, जहां भगवा गमछा, माला, गो-एंबुलेंस पर सायरन और बड़े-बड़े बोर्डों के पीछे चुपचाप कारोबार चल रहा है। यह एक ऐसा सच है, जिस पर सरकारी मशीनरी की मौन सहमति का संदेह गहराता जा रहा है। अब समय आ गया है कि गाय को राजनीति, आडंबर और मुनाफे से बाहर निकालकर वास्तविक सहानुभूति और न्याय दिया जाए। गौ सेवा का अर्थ केवल अनुदान लेना, हवन कराना या पोस्टर लगाना नहीं, बल्कि गाय के जीवन, सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी लेना है। पारदर्शिता, सामाजिक ऑडिट, अनुदान के उपयोग की सख्त निगरानी और आवारा गोवंश के लिए ठोस नीति – यही समाधान की दिशा है। आवश्यकता पड़े तो स्टिंग ऑपरेशन और निष्पक्ष जांच से इस गोरखधंधे का पर्दाफाश होना चाहिए। यदि हम सचमुच अपनी वैदिक संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और मानवीय मूल्यों को बचाना चाहते हैं, तो गाय को केवल प्रतीक नहीं, जीवित जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा इतिहास यही लिखेगा कि गाय बेचारी यूं ही बदनाम हुई और उसके नाम पर इंसान ने अपना स्वार्थ साध लिया।

निशुल्क कोचिंग की पहल:

# युवाओं का भविष्य बनाने 7 दोस्तों ने मिलकर शुरू की फ्री कोचिंग, 125 अफसर-कर्मचारी बने

भीम प्रज्ञा न्यूज

**बाड़मेर/झुंझुनूं ।** भारत-पाकिस्तान पर बसे बाड़मेर के धोरों वाली धरती पर एक ऐसी 'पाठशाला' चल रही है, जहां गरीबी की कड़वाहट को कामयाबी की मिठास में बदला जा रहा है। यह कहानी है 'फिफ्टी विलेजर्स सेवा संस्थान'की है, जो अभावों की रेतीली जमीन से एमबीबीएस तैयार कर रही है। यह कहानी उन बच्चों की है, जिनके पास प्रतिभा थी लेकिन साधन नहीं थे। किसान, मजदूर, अनाथ जो कभी स्कूल की आखिरी बेंच पर बैठते थे, वो आज देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर बनने की राह पर हैं। इनमे से 140 छात्र सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयनित होकर पढ़ाई कर रहे है।



### संस्थान की उपलब्धि

140 छात्र: सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयनित होकर सफलता का परचम लहरा चुके हैं। 25 छात्र: एम्स (AIIMS) जैसे देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीबीएस कर रहे हैं। 50+ अनाथ बच्चे: ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया था, आज समाज के नायक बन रहे हैं। संस्थान के डॉ. भरत सारण ने बताया कि इस संस्थान की शुरुआत 25 मई 2012 को हुई थी। मकसद एक ही था सरकारी स्कूलों से ऐसे गरीब बच्चों की तलाश करना, जिनके पास हुनर तो है, लेकिन संसाधनों की कमी से आगे नहीं पढ़ पाते है। जिंदगी में मुकाम हासिल करने के बाद अधिकतर लोग अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं, लेकिन झुंझुनूं में कुछ युवाओं ने सफलता के बाद समाज को कुछ लौटाने का संकल्प लिया। इसी सोच से 14 साल पहले शुरू हुई निशुल्क कोचिंग की यह पहल आज सैकड़ों युवाओं के लिए उम्मीद की मजबूत पाठशाला बन चुकी है। आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को हर महीने बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है, लेकिन झुंझुनूं में संचालित यह फ्री कोचिंग आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए वरदान साबित हो रही है। हम बात कर रहे हैं सैनी समाज के युवाओं की फ्री कोचिंग की। इस फ्री क्लास से समाज के 120 से ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। अपनी बारी के हिसाब से बच्चों को तैयारी कराते हैं। रिटर्न परीक्षा के साथ ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू और पर्सनालिटी डवलपमेंट की तैयारी भी कराई जा रही है। इस फ्री कोचिंग में तैयारी करके 125 से ज्यादा समाज के बच्चे सरकारी नौकरी हासिल कर चुके हैं। इनमें सर्वाधिक 80 से अधिक बैंकिंग सेक्टर में, रेलवे में 14, एसएससी में 15 तथा कांस्टेबल, पटवारी, जीडी सहित अन्य पदों पर 16 का चयन हुआ है। फ्री कोचिंग की शुरुआत 24 अक्टूबर 2012 को सात दोस्तों ने की थी। ये सभी जोधपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। नौकरी मिलने के बाद उन्होंने महसूस किया कि समाज का हर विद्यार्थी जोधपुर जाकर तैयारी नहीं कर सकता। इसी सोच के साथ उन्होंने झुंझुनूं में ही निशुल्क कोचिंग शुरू करने का निर्णय लिया। शुरुआत में एक खाली भूखंड में घरों से कुर्सियां लाकर कक्षाएं लगाई गईं। पहले बैच में केवल पांच विद्यार्थी आए, लेकिन दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी। इनमें से तीन का सरकारी सेवा में चयन हो गया। इसके बाद विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती गई और आज हर बैच में 100 से 125 तक विद्यार्थी जुड़ रहे हैं।

### नरेगा वाली मां का बेटा बना डॉक्टर

बाड़मेर के सरणू पनजी निवासी महादेव के सिर से पिता और दादा का छाया उठ गया था, मां नरेगा पर मजदूरी कर घर का गुजारा करती थी। डॉक्टर की पढ़ाई एक सपना था ?लेकिन उस गरीब बच्चे महादेव को संस्थान ने एडमिशन ?दिया। इसके बाद अब वह मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की पढ़ाई कर रहा है।

### बर्तन धोने वाले पिता का बेटा बना डॉक्टर

बालोतरा के खट्टू के रहने वाले श्रवण कुमार के माता-पिता ने दूसरों की शादियों में बर्तन मांज कर दिन गुजारे। इस बीच सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले श्रवण कुमार को संस्थान ने एडमिशन दिया। इसके बाद अब उनका बेटा दूसरों की बीमारियां दूर करने का हुनर सीख रहा है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हर घर बनेगा ऊर्जा आत्मनिर्भर: राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

### धारसूल में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने 9 लाभार्थियों को वितरित किए सब्सिडी चेक

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना/कुलां।

**रजत विजय रंगा ।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम सूर्य योजना) के अंतर्गत गांव धारसूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए योजना के 9 लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित किए। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गीता पत्नी बलबीर, कौशल्या पत्नी सुरेश कुमार, संतरों पत्नी कृष्ण लाल, सतबीर सिंह पुत्र जागर राम, सुल्तान सिंह पुत्र दलीप सिंह, प्रेमचंद पुत्र प्यारे लाल, नवजोत सिंह पुत्र जरनेल सिंह, बलविंदर सिंह पुत्र कपूर सिंह तथा रणजीत सिंह पुत्र टेक सिंह को सब्सिडी चेक प्रदान कर उन्हें योजना का लाभ मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर सांसद




सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आमजन के लिए एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी योजना है, जो देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर नागरिक न केवल अपने बिजली खर्च में भारी कमी कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन के माध्यम से आय भी अर्जित कर सकते हैं। सांसद बराला ने कहा कि यह योजना गरीब, मध्यम वर्ग और ग्रामीण परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। इससे जहां एक ओर बिजली बिल से राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि सोलर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है और केंद्र सरकार समय रहते इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उसी सोच का परिणाम है, जिसमें विकास के साथ-साथ पर्यावरण और आम नागरिक की आर्थिक स्थिति का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यह योजना विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। राज्यसभा सांसद ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इस योजना के प्रति जागरूक हों और अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों से भी आग्रह किया कि पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी समय पर पहुंचाई जाए ताकि कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न रहें।

## दीप्ति शर्मा बनी जिला यमुनानगर कांग्रेस की सचिव

भीम प्रज्ञा न्यूज़.यमुनानगर।



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** जिला कांग्रेस कमेटी यमुनानगर की कार्यकारिणी की जो घोषणा हुई है उस घोषणा में दीप्ति शर्मा को जिला सचिव बनाया गया है इससे पहले भी दीप्ति शर्मा कांग्रेस संगठन में काम कर चुकी है उनकी मेहनत को देखते हुए उन्हें जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंप है उनके सचिव बनने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और इस नियुक्ति पर उन्होंने श्रीमती सोनिया, गांधी श्री राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, कुमारी सैलजा, व भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जिला शहरी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर का आभार वक्त किया है।

## स्नेह मिलन समारोह में शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता, संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



भीम प्रज्ञा न्यूज़.न्यूज़.बूंदी।

**प्रेम नारायण सिंह ।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर का स्नेह मिलन समारोह बूंदी में गोकुल राम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित होकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश संरक्षक शंभू दयाल मेहरा तथा सेवानिवृत्त एसडीएम रामनिवास मीणा रहें। जिला अध्यक्ष धनराज मीणा ने बताया कि शिक्षक परिवार में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा जगत से जुड़ी चुनौतियों, समस्याओं और उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। समारोह में जिला महामंत्री जवाहरलाल मेघवाल, जिला संगठन मंत्री रामचरण मीणा, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी लाल मीणा, जिला सभा अध्यक्ष अमर सिंह बेरवा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराज मीणा, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम मंडेलिया, कार्यालय प्रभारी उदालाल मीणा, जिला प्रतिनिधि माध्यमिक शिक्षा लालचंद मीणा, जिला प्रतिनिधि प्रारंभिक शिक्षा कल्याणमल वर्मा, जिला प्रतिनिधि संस्कृत शिक्षा इंद्रसहाय मीणा, जिला प्रतिनिधि पंचायत शिक्षक राजाराम मीणा, शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवराज खींची, होम्योपैथिक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. मुकेश मीणा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा हिंडोली ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम मीणा, लाखेरी ब्लॉक अध्यक्ष गुलाबचंद मेवलिया, कापरेन ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज मीणा, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र मेघवाल, इंदरगढ़ शाखा अध्यक्ष गोपाल महावर, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण मेहरा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम में हेमराज मीणा, ब्रह्मानंद मीणा, गोपाल लाल मेघवाल, रामस्वरूप मीणा, राकेश कुमार मीणा, चंद्र मोहन पलिया, लोकेश कुमार आजाद, गुलाम मुस्तफा, जावेद अली अंसारी, शंकर लाल मीणा, देवकिशन, कृष्ण गोपाल मीणा, महावीर मीणा, प्रेमलाल बेरवा, कैलाश नागर, नंदकिशोर बेरवा, गीताराम मीणा, किशन मीणा सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## चिड़ावा के युवा पार्षद मंजीत सिंह द्वारा तेजाजी मन्दिर में 51 हजार रुपये नकद व निर्माण सामग्री देने की घोषणा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।

चिड़ावा में गौशाला के पास वार्ड नंबर 23 के युवा पार्षद मंजीत सिंह पुत्र वरिष्ठ पार्षद सम्पत देवी राजेन्द्र पाल सिंह कोच के द्वारा तेजाजी मन्दिर में 51 हजार रुपये नकद व निर्माण सामग्री देने की घोषणा करने पर सॉल साफा एवं फूल माला पहनाकर के स्वागत किया गया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला संगठन महामंत्री कंवरपाल बलवदा, जिला प्रभारी कैप्टन कुलदीप मान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूबे. रामनिवास थाकन



सहित अनेक लोगों ने स्वागत सम्मान किया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र क्यामसरिया ने बताया कि जनसहयोग से बनने वाले 165 फीट ऊंची शिखर के भारत के सबसे बड़े तेजाजी मंदिर के निर्माण में सभी का तन मन धन से सहयोग मिल रहा हैं।

## डॉक्टर विकास बड़सरा ने नेशनल राष्ट्रीय शिशु रोग विशेषज्ञ कॉन्फ्रेंस,कोलकाता में स्किन एलर्जी पर व्याख्यान दिया

भीम प्रज्ञा न्यूज़.पिलानी।

पिलानी के राजकीय अस्पताल में कार्यरत एलर्जी स्पेशलिस्ट एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास कुमार बड़सरा ने शनिवार को नेशनल पेडिकॉन, कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के बाल एव शिशु विशेषज्ञ सम्मेलन में एटोपिक डर्मेटाइटिस स्किन एलर्जी विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों में बढ़ती एलर्जी संबंधी बीमारियों, उनके कारण, आधुनिक जांच पद्धतियों तथा नवीनतम उपचार विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. बड़सरा ने अपने व्याख्यान में बताया कि वर्तमान समय में बच्चों में एटोपिक डर्मेटाइटिस, एलर्जिक राइनाइटिस, फूड एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं, जिनकी समय पर पहचान और सही उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एलर्जी के प्रबंधन में पेरेंट्स काउंसलिंग, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और एडवांस्ड बायोलॉजिक्स की भूमिका पर भी चर्चा की।डॉ बड़सरा ने बताया की आजकल एटोपिक डर्मेटाइटिस बीमारी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है क्योंकि फ़ूड एलर्जी , डस्ट




एलर्जी और प्रदूषण से बीमारी गंभीर हो रही है और इसका इलाज के लिए स्टीक डायग्नोसिस और नए नए तरीक़े से इलाज करना पड़ता हैं ।डॉ बड़सरा हमारे शेखावाटी क्षेत्र के एकमात्र चिकित्सक हैं जिनको इतने बड़े मंच पर आमंत्रित किया गया है । डॉ बड़सरा इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय एलर्जी कॉन्फ्रेंस में भी अपना व्याख्यान दे चुके हैं। सम्मेलन में देशभर से आए बाल रोग विशेषज्ञों एवं मेडिकल छात्रों ने उनके व्याख्यान को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। आयोजन समिति ने डॉक्टर विकास कुमार बड़सरा के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केवल वादे नहीं अब देश चाहता है गुड गवर्नेंस और विकास : पीएम

- कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को देश लगातार नकार रहा हैः मोदी
- काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी
- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



एजेंसी। गुवाहाटी

असम दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश के लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। जनता कांग्रेस को लगातार नकार रही है, क्योंकि देश का वोटर अब केवल वादे नहीं, बल्कि गुड गवर्नेंस और विकास चाहता है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस महाराष्ट्र में कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रही, वहां से वह पूरी तरह हार गई। यह स्पष्ट संकेत है कि देश ने पुरानी राजनीति को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कलियाबोर में करीब 6,957 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। यह परियोजना ट्रैफिक जाम को कम करने के साथ-साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों, डिब्रूगढ़ से गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या से रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखाई। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हर साल ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर बढ़ने पर गैंडे और हाथी ऊंचे इलाकों की ओर पलायन करते हैं, जिससे वे सड़कों पर फंस जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए 90 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जा रहा है, जिस पर करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल व्यवसायियों, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार व आय के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि असम आज दुनिया को यह दिखा रहा है कि विकास के साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है।

**कांग्रेस पर साधा निशाना** : पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कि उसकी नीतियों के कारण असम में घुसपैठ बढ़ी और राज्य की संस्कृति व पहचान को खतरा पहुंचा। कांग्रेस का रवैया हमेशा घुसपैठियों को बचाने का रहा है, जबकि भाजपा सरकार असम की अस्मिता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार असम को केवल 2 हजार करोड़ रुपए देती थी, जबकि भाजपा सरकार विकास के लिए 10 हजार करोड़ रुपए तक का सहयोग कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नॉर्थ ईस्ट अब हाशिए पर नहीं रहेगा, बल्कि विकास की मुख्यधारा में रहेगा।

**वन्यजीव संरक्षण पर जोर** : पीएम मोदी ने वन्यजीव संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 2025 में अब तक गैंडों के शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई है, जो राज्य सरकार और स्थानीय लोगों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि असम आज विकास और पर्यावरण संरक्षण का आदर्श उदाहरण बन रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने असम में दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



**कालियाबोर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय असम दौरे के दौरान रविवार को उन्होंने नागांव जिले के कालियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड के चार लेन विस्तार से संबंधित है। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के साथ काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे कालियाबोर में महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमि पूजन को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि काजीरंगा से होकर गुजरने वाला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर विशेष रूप से मानसून के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा में सहायक होगा और इससे संपर्क व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

# पूर्वी भारत के विकास से ही बनेगा विकसित भारत : पीएम

## पश्चिम बंगाल में 830 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ



एजेंसी। सिंगूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल का तेज और समावेशी विकास अनिवार्य है। बंदरगाह, जलमार्ग, रेलवे और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के मजबूत ढांचे के बिना न तो औद्योगिक विस्तार संभव है और न ही युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन। केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल को मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेड और लॉजिस्टिक्स का वैश्विक हब बनाने के लिए बीते 11 वर्षों से निरंतर निवेश कर रही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सिंगूर में 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में अंतर्देशीय जलमार्ग, बंदरगाह आधारित अवसंरचना, रेल कनेक्टिविटी और हरित परिवहन को मजबूत करना है। इन परियोजनाओं में हुगली नदी पर बालागढ़ में विकसित किया जा रहा विस्तारित पोर्ट गेट सिस्टम शामिल है। इस परियोजना के तहत इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। इसके माध्यम से माल ढुलाई का एक बड़ा हिस्सा कोलकाता शहर से बालागढ़ की ओर स्थानांतरित होगा, जिससे महानगर में यातायात जाम, प्रदूषण और लॉजिस्टिक दबाव में कमी आएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कोलकाता में हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक कैटामरैन का शुभारंभ भी किया। विशेष एल्युमीनियम से निर्मित इस आधुनिक नौका में 50 यात्रियों की क्षमता है और इसमें एयर-कंडीशन्ड केबिन की सुविधा उपलब्ध है। जीरो-एमिशन मोड में संचालित यह कैटामरैन हुगली नदी पर शहरी नदी परिवहन, पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा।

कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर, केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, सांसद शमिक भट्टाचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए पूर्वी भारत का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और पिछले दो दिनों के कार्यक्रम इसी संकल्प को और मजबूत करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में जज की पत्नी को मारी गोली, कोर्ट में आई थी गवाही देने



**पटना**। बिहार के समस्तीपुर में तैनात जज संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना को झारखंड में गोली मारी गई है। उन्हें दो गोली लगी है। वंदना का गोड्डा कोर्ट में पति से तलाक का केस चल रहा है। संतोष कुमार साह पटोरी अनुमंडल में न्यायिक जज हैं। वंदना का कहना है कि वो शनिवार को अदालत से लौट रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया और अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वंदना सड़क पर गिर गईं, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक गोली मारने वालों में महिला के दो देवर भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन महिला की हालत को देखते हुए उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक वंदना कुमारी हनवारा थाना क्षेत्र के पुराना गांव की रहने वाली है। वंदना ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसकी सुनवाई गोड्डा कोर्ट में चल रही है। शनिवार को वह मामले में गवाही देने कोर्ट आई थीं। गवाही के बाद शाम में अपने मायके लौटते समय दो बाइक सवारों ने गोली चला दी। एक गोली जबड़े में, दूसरी पीठ में लगी। वंदना ने पुलिस को बताया कि हमलावर चार लोग थे, जिनमें उसके दो देवर भी शामिल हैं।

### अलीगढ़ स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस की हुई जांच पड़ताल

**अलीगढ़**। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बीती रात उस वक्त भारी अफरा-तफरी मच गई जब देश की प्रीमियम ट्रेनों में शुमार दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस (तेजस रेक) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सनसनीखेज सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल हाई अलर्ट पर आ गईं और करीब 31 मिनट तक पूरा रेलवे स्टेशन परिसर और जिला प्रशासन गहरे तनाव और दहशत के साये में रहा। घटना की शुरुआत तब हुई जब पुलिस कंट्रोल रूम को एक गुमनाम फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने बेहद गंभीर दावा किया कि दिल्ली से पटना की ओर जा रही राजधानी तेजस एक्सप्रेस में विस्फोटक रखा गया है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया। ट्रेन उस समय अलीगढ़ क्षेत्र के करीब से गुजर रही थी, जिसे सुरक्षा कारणों से तुरंत अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकवाया गया। ट्रेन के रुकते ही भारी संख्या में पुलिस बल और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने मोर्चेबंदी कर ली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने ट्रेन के एक-एक कोच, पैंट्री कार और टॉयलेट की गहन तलाशी ली। इस दौरान ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों और उनके सामान को भी पूरी तरह जांचा गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और बारीकी से की गई जांच के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि ट्रेन में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल एक होक्स कॉल यानी फर्जी धमकी थी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश से की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील



एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने न्यायपालिका के शीर्ष नेतृत्व से देश के संविधान, लोकतंत्र और न्यायिक शुचिता को अक्षुण्ण बनाए रखने का भावुक आग्रह किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को संबोधित करते हुए देश की वर्तमान परिस्थितियों पर अपनी चिंताएं साझा कीं। उन्होंने न्यायमूर्ति सूर्यकांत से आह्वान किया कि वे देश के आम नागरिकों को विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर गलत तरीके से निशाना बनाए जाने की कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायपालिका ही लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ है, इसलिए देश के संविधान, इतिहास, भूगोल और लोकतांत्रिक मूल्यों को विनाश से बचाना अनिवार्य है। ममता बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश को संविधान का वास्तविक संरक्षक बताते हुए कहा कि देश की जनता न्यायपालिका के कानूनी संरक्षण में सुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज में जाति या धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी को एकता के सूत्र में बंधकर देश की प्रगति के लिए सोचना और कार्य करना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने एक अन्य महत्वपूर्ण विषय मीडिया ट्रायल पर भी अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया कि अदालती मामलों के अंतिम निपटारे से पहले ही चलने वाले मीडिया ट्रायल के बढ़ते चलन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, क्योंकि इससे न्याय की प्रक्रिया और व्यक्ति की छवि प्रभावित होती है।

# मौनी अमावस्या लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा



एजेंसी। प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान संगम तट पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु-संतों पर पुष्प वर्षा कराई। पुष्पावर्षा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई सौ फीट ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हुई पुष्पवर्षा आस्था का अभिनंदन और महान सनातन संस्कृति का वंदन है। जय मां गंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौनी अमावस्या पर रविवार सुबह 8 बजे तक 1.3 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही गंगा और संगम घाटों पर घने कोहरे के बावजूद पहुंचने लगे थे और सुबह के शुरुआती घंटों तक सभी दिशाओं से आते रहे। इससे पहले मकर संक्रांति पर करीब 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी, जबकि एकादशी पर करीब 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि तीर्थयात्रियों को सही रास्ता दिखाने में मदद करने के लिए मेला क्षेत्र में खंभों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए हैं, जबकि श्रद्धालुओं को गाइड करने के लिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तैनात किए गए हैं। माघ मेला 800 हेक्टेयर में फैला हुआ है और इसे सात सेक्टरों में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से ज़्यादा शौचालय हैं और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए 3500 से ज़्यादा सफाई कर्मचारी तैनात हैं। कम समय के लिए कल्पवास करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए एक टेंट सिटी बनाई गई है। जिसमें ध्यान और योग की सुविधाएं हैं। आवाजाही को आसान बनाने के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट जैसी सेवाएं भी दी गई हैं।

## दावोस में सीएम हेमंत सोरेन ग्लोबल कंपनियों के प्रमुखों से करेंगे मुलाकात, झारखंड में निवेश का देंगे न्योता

**रांची/दावोस**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का प्रतिनिधिमंडल वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में भाग लेने दावोस पहुंच रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री कई वैश्विक कंपनियों और संस्थानों के प्रमुखों से मुलाकात कर झारखंड में निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री टाटा स्टील, हिताची, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, इंफोसिस, वेलस्पन, एबी इनबेव, ब्लूमबर्ग, टेक महिंद्रा सहित स्वीडन, अमेरिका और यूरोप की व्यापार परिषदों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। बैठकों में हरित ऊर्जा, टिकाऊ उद्योग, महत्वपूर्ण खनिज, आधुनिक बुनियादी ढांचा, डिजिटल तकनीक और जलवायु-अनुकूल औद्योगिक विकास पर निवेश की संभावनाओं पर विचार होगा। 20 जनवरी को झारखंड पेवेलियन का उद्घाटन किया जाएगा, जहां राज्य की निवेश संभावनाएं, नीतिगत सुधार और दीर्घकालिक विकास योजना प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का विकास मॉडल लोगों, प्रकृति और स्थिरता पर आधारित है तथा राज्य "प्रकृति के साथ संतुलन में विकास" के सिद्धांत के साथ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

## आप विधायक सुक्खी ने दिया इस्तीफा, पंजाब की मान सरकार को लगा झटका



**चंडीगढ़**। मुक्तसर माघी मेले में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा था कि जो गुरु ग्रंथ साहिब जी के लापता पावन स्वरूपों का मामला चल रहा है उसमें से कुछ स्वरूप बंगा के पास गांव माजारा नौ आबाद में धार्मिक अस्थान रसोखाना श्री नाभ कंवल राजा साहिब से मिले हैं। इस बयान के बाद उक्त धार्मिक अस्थान से जुड़ी संगत ने नाराजगी जताई और मान सरकार की कड़ी आलोचना की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उसी दिन देर शाम इस इलाके के विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी, जो अकाली दल बादल की टिकट से जीतकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे और उन्हें कैबिनेट रैंक दिया था। इसके साथ ही विभाग का चेयरमैन कन्वीनर लगाया गया था। उन्होंने उसी दिन देर रात श्री राजा साहिब अस्थान पर जाकर इस बयान की निंदा की थी और इसे अपनी आस्था का केंद्र बताया था। इस मामले से अस्थान से श्रद्धा से जुड़ी संगत में आप सरकार के प्रति काफी रोष पैदा हुआ है। वहीं रविवार को फिर विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी ने अस्थान पर जाकर अपना रोष जताते हुए चेयरमैन पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया और कहा कि इस मामले में उन्हें बहुत ठेस पहुंची है।

# फ्लाइट रद्द और देरी को लेकर डीजीसीए ने इंडिगों पर लगाया 22.20 करोड़ का जुर्माना



एजेंसी। नई दिल्ली

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स के तहत लगाया गया है। इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। इसके अलावा एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया है, जो कि 20.40 करोड़ होता है। डीजीसीए ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के रद्द होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण तीन लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी का सामने करना पड़ा था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर डीजीसीए ने मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी बनाई थी। कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और इंडिगो के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा है कि वह डीजीसीए के सभी आदेशों को पूरी तरह मानेगी और जो भी सुधार जरूरी होंगे, वे सही समय पर किए जाएंगे। कंपनी के बोर्ड और मैनेजमेंट का कहना है कि हाल की घटना के बाद काम करने के तरीकों, सिस्टम और संचालन को मजबूत बनाने के लिए अंदरूनी तौर पर पूरी जांच और समीक्षा की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट में कमेटी के हवाले से बताया गया है कि इंडिगो मैनेजमेंट ने ऑपरेशन में देरी या आपात हालात से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। साथ ही बदले हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को भी सही तरीके से लागू नहीं किया था। इसी वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। जांच में यह भी सामने आया कि एयरलाइन ने क्रू, विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया।

# दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 400 के पार, ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता में तेज गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को शाम 4 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई ) 400 दर्ज किया गया था, जो रात 8 बजे तक बढ़कर 428 पहुंच गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने स्थिति को देखते हुए ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू कर दी। वायु गुणवत्ता की लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए आगे और अधिक गिरावट को रोकने के उद्देश्य से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) उप-समिति ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है। उप-समिति ने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेप के स्टेज 4 यानी गंभीर श्रेणी के तहत सभी कड़े प्रतिबंधात्मक कदम तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है, भले ही एक्यूआई अभी 450 के पार न गया हो। अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, अत्यंत प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों और प्रदूषकों के समुचित फैलाव न होने के कारण वायु गुणवत्ता में यह तेज गिरावट देखने को मिली है। आयोग ने स्पष्ट किया कि स्टेज4 के तहत लागू किए गए कदम पहले से ही दिल्ली में लागू ग्रेप के स्टेज-I, स्टेज-II और स्टेज-III के उपायों के अतिरिक्त होंगे। इसका उद्देश्य प्रदूषण के स्तर को और बढ़ने से रोकना और नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करना है। आयोग ने दिल्ली के सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे प्रदूषण नियंत्रण के लिए निवारक उपायों को और सख्ती से लागू करें। इसमें औद्योगिक उत्सर्जन पर निगरानी, निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण, धूल प्रबंधन, और अन्य प्रदूषणकारी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा मौसमी परिस्थितियों के चलते आने वाले दिनों में भी वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना कम है।

## यूपी में कोहरे का कहर, बच्ची समेत 7 की मौत

**लखनऊ** । यूपी में शनिवार को सीजन का सबसे घना कोहरा पड़ा। हालत इतने खराब हो गए कि सडक़ों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गाडिय़ों की लाइटें भी नजर नहीं आ रही थीं। मेरठ, बाराबंकी समेत 15 जिलों में 40 से ज्यादा गाडिय़ां टकराईं। डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हैं। फतेहपुर में एनएच-2 पर 10 गाडिय़ां टकराईं। यहां कार ड्राइवर की मौत हो गई। मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिसमें जीजा की जान चली गई। ऐसे ही सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे 3 की मौत हो गई। वहीं, मेरठ में कोहरे की वजह से कार नाले में गिर गई। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की जान चली गई। विजिबिलिटी कम होने से रेलवे और हवाई सफर भी प्रभावित रहा। गोरखपुर, वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। वीआईपी ट्रेनें भी समय पर नहीं हैं। लखनऊ एयरपोट्र्स पर इंडिगो की 2 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। ठंड के चलते नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं और संभल में 8वीं तक के स्कूल बंद हैं।

## कौशल विकास मंत्रालय का पुणे में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 19 जनवरी को

**नई दिल्ली**। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) 19- 20 जनवरी को पुणे में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा।सिम्बायोसिस स्किल एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में 'जन शिक्षण संस्थान' (जेएसएस) की प्रगति की समीक्षा और भविष्य की रणनीतियों पर गहन मंथन होगा। सम्मेलन में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 152 जन शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, जन शिक्षण संस्थान निदेशालय (डीजेएसएस) और राष्ट्रीय उद्यमिता संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) के विशेषज्ञ भी सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 20 जनवरी को समापन सत्र का नेतृत्व एमएसडीई सचिव देबाश्री मुखर्जी करेंगी। गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से चलने वाला जेएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना है। इसमें अब तक 34 लाख से अधिक लोग प्रशिक्षित हो चुके हैं। कुल लाभार्थियों में से 28.3 लाख महिलाएं हैं। वर्तमान में 26 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 294 संस्थान सक्रिय हैं। एनएसक्यूएफ के अनुरूप 51 अलग-अलग ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण मिलता है।

# वीबी जी राम जी बिल विकसित भारत के निर्माण में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित होगा- लतिका शर्मा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

**आलोक भांडोरिया** । भारतीय जनता पार्टी रेवाड़ी जिला कार्यालय में रविवार को मोदी सरकार के क्रांतिकारी एक्ट 'वीबी जी राम जी' के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता भाजपा की कर्मठ जिला अध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस नए एक्ट की बारीकियों को समझना, जन-जन तक इसके लाभ पहुँचाना और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का तथ्यों के साथ खंडन करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कालका की पूर्व विधायक एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ मंच पर जिला प्रभारी नसीम अहमद और रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंच का कुशल संचालन जिला महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल जी ने किया, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार बनाए रखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला प्रभारी नसीम अहमद जी ने वीबी जी राम जी एक्ट की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि यह एक्ट केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत की तकदीर बदलने का एक संकल्प पत्र है।? नसीम अहमद ने कहा कि




'प्रधानमंत्री मोदी की सोच स्पष्ट है कि जब तक गाँव का अंतिम व्यक्ति आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता। 'वीबी जी राम जी' बिल पुराने, घिसे-पिटे सिस्टम को बदलकर एक पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था ला रहा है, जो बिचौलियों का अंत सुनिश्चित करेगी।'

**मुख्य वक्ता लतिका शर्मा का विपक्ष पर तीखा प्रहार और विजन 2047 का खाका**

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए लतिका शर्मा ने सदन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन में इस विधेयक की भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे 'झूठ के पुलिंदे' को तथ्यों के हथौड़े से ध्वस्त किया। लतिका शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा 'विपक्ष आज हताश है। वे जानते हैं कि 'वीबी जी राम जी' एक्ट के लागू होने के बाद उनकी भ्रष्टाचार की दुकान हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। कांग्रेस ने दशकों तक 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, लेकिन असल में उन्होंने केवल गरीबों को वोट बैंक समझा। मोदी जी का यह एक्ट गरीबों को 'याचक' नहीं बल्कि 'आत्मनिर्भर' बनाने की गारंटी है।'? एक्ट के समर्थन में लतिका जी ने महत्वपूर्ण बिंदु रखे और अपने वक्तव्य में कहा कि 'इस एक्ट में ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो उन्हें न केवल रोजगार देंगे बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करेंगे।' उन्होंने कहा कि '2047 का भारत कैसा होगा, इसकी नींव आज रखी जा रही है। यह क़ानून ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़कर उन्हें विश्वस्तरीय बाजार के योग्य बनाएगा।' 'विपक्ष को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस पूछती है कि रोजगार कहाँ है? यह एक्ट जवाब है कि रोजगार अब खैरात में नहीं, बल्कि स्वाभिमान के साथ, और स्थायी संपत्ति के निर्माण के साथ मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन की आगामी रूपरेखा तय की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस एक्ट की खूबियों को लेकर वे घर-घर जाएं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस के समय में गड्ढे खोदने और भरने के नाम पर अरबों रुपये का घोटाला होता था। उनका मॉडल था - कागज पर काम और जेब में दाम'। लेकिन मोदी जी का 'वीबी जी राम जी' मॉडल पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी है। अब पैसा दिल्ली से चलता है और सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचता है, बीच में कोई पंजा इसे नहीं छीन सकता।' यह अंत्योदय के सिद्धांत का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने आगे जोड़ा, हमारा दायित्व है कि हम विपक्ष के दुष्प्रचार को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से काटें और जनता को बताएं कि पीएम मोदी का हर कदम राष्ट्रहित में होता है।'

इस अवसर पर रामपाल यादव, सुनील मूसेपुर, कृष्ण कुमार चेयरमैन, कंवर सिंह चेयरमैन, सिंह राम महलावत, महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान जिला उपाध्यक्ष धीरज यादव प्रवीण शर्मा, जितेंद्र बलजीत यादव जिला सचिव वीर सिंह छाबड़ी मौसमी रानी प्रेम कौशिक गौरव शर्मा नवीन शर्मा नितेश अग्रवाल जतिन अरनेजा समीर कालड़ा गोपी हरीश सुभाष अजीत नवीन मीरपुर दिनेश यादव बीकानेर रमेश झाबुआ अनूप कोसली हनुमान छाबड़ी नीतू चौधरी अनु बहल कृपा जैमीनी सत्यपाल धूपिया मनीष राव संजय बडगूजर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री दिनेश यादव, सह संयोजक अशोक कोसलिया, सौरव यादव, विनीता पीपल ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। कार्यशाला में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख और सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे 'वीबी जी राम जी' एक्ट के बारे में जन-जागरण अभियान चलाएंगे। यह कार्यशाला न केवल एक बैठक थी, बल्कि यह 2026 में भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और वैचारिक स्पष्टता का प्रदर्शन भी थी। वक्ताओं ने स्पष्ट कर दिया कि वीबी जी राम जी केवल एक कानून नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आधुनिकता और समृद्धि के रास्ते पर ले जाने वाला एक 'गेम चेंजर' साबित होगा। जहाँ एक ओर कांग्रेस और विपक्ष इसे लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भाजपा ने कमर कस ली है कि वे तथ्यों और तर्कों के साथ जनता की अदालत में जाएंगे।

# विश्व कल्याण में आयुर्वेद की महत्ता

भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा** । ब्लॉक के कई आयुर्वेदिक हॉस्पिटल्स में विश्व आयुर्वेद परिषद शाखा झुंझुनू के बैनर तले मकर संक्रांति के पर्व पर स्वास्थ्य परक कार्यक्रम हुए,जिसमें लोगों को दीर्घ आयु जीने के बारे में तथा रस रसायन का प्रयोग कर अपनी जिंदगी को वज्र के समान मजबूत व बिना दवा लिए स्वस्थ जीवन जीने का तरीका बताया गया। देखा जाए तो जीने का तौर तरीका आयुर्वेद हमें वर्षों से बताता आया है। आयुर्वेद किसी परिचय का मोहताज नहीं है,दादी नानी के नुस्खों से निकल कर आज इंटरनेट पर जा पहुंचा है और वो भी अपने विशिष्ट व निरापद गुणों के कारण आयुर्वेद, जिसे जीवन का विज्ञान भी कहा जाता है, इस पर डॉ. राजेंद्र कुमावत ने कहा कि हम सब आयुर्वेद को जानते हैं और और इसके निरापद गुणों को मानते है,? क्योंकि यह एक प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली है जो स्वास्थ्य संरक्षण और रोगोपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ.कुमावत ने कहा कि आयुर्वेद का उद्देश्य न केवल रोगों का इलाज करना है, बल्कि व्यक्ति को स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। इसके अलावा आयुर्वेद ही हमें ऋतु के अनुसार खाने पीने और पहनने ओढ़ने का सलीका भी सिखाता है व पथ्य अपथ्य भी बताता है। आयुर्वेद के प्रमुख सिद्धांत: आयुर्वेद में तीन दोषों - वात, पित्त,और कफ - का सिद्धांत है, जो शरीर के कार्यों को नियंत्रित करते हैं।




# सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए किसान जरूर बनवाएं एग्रीस्टैक फार्मर आईडी: डीसी

## फार्मर आईडी को लेकर जिला के सभी गांवों में जा रही है विभागीय टीमें

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

**आलोक भांडोरिया** । डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी प्रत्येक किसान के लिए अनिवार्य है। इस आईडी के बनने के बाद ही किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी को लेकर जिला के सभी गांवों में विभागीय टीमें जा रही हैं, जहां किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ फार्मर आईडी बनाने का कार्य लगातार जारी है।डीसी अभिषेक मीणा ने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाएं और इस कार्य में टीमों का सहयोग करें। साथ ही अन्य किसानों को भी फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से ही दिया



जाएगा। डीसी ने बताया कि फार्मर आईडी बनाने का मुख्य उद्देश्य किसानों की पहचान को सुरक्षित करना और उन्हें सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है। इसके लिए अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें ताकि प्रत्येक किसान की एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बन सके। उन्होंने बताया कि भविष्य में बैंक ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल क्षतिपूर्ति, खाद-बीज तथा विभिन्न कृषि अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से ही दिया जाएगा।

**फार्मर आईडी के लिए ये दस्तावेज जरूरी**

डीसी ने बताया कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को मोबाइल नंबर से लिंक आधार कार्ड, पिछली फसल के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण की प्रति या जमीन से संबंधित फर्द साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# सतीश अस्पताल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित किया सम्मान समारोह और जागरूकता सेमिनार

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।

**रमेशचंद** । सतीश अस्पताल की ओर से रविवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक भव्य जागरूकता सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर नीमराना व आसपास के क्षेत्रों से आए 1000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम में नीमराना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुरेश खींची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनीष शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर वीरेंद्र मास्टर ने की। मुख्य अतिथि एएसपी सुरेश खींची ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही उन्होंने साइबर अपराध, धोखाधड़ी और व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी और किसी भी समस्या पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ




सर्जन डॉ. मनीष शर्मा ने स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि बढ़ती उम्र में नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और सकारात्मक जीवनशैली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों की समस्याओं तथा नियमित व्यायाम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मास्टर वीरेंद्र मास्टर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हमारा सामाजिक दायित्व है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और पीढ़ियों के बीच संवाद को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। सतीश अस्पताल की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं जागरूकता सत्रों के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को उपयोगी जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में बाबा शीतलनाथ महाराज, लोकेश खंडेलवाल, डॉ. कप्तान यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानचंद, डॉ. सतीश यादव, प्रदीप यादव, विक्की शर्मा, डॉ. नरोत्तम सिंह, डॉ. अनीता यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. विपिन यादव, डॉ. आनंद यादव, नीमराना के पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल, पूर्व जिला पार्षद जनक सिंह यादव, अशोक तक्षक जाट बहरोड़ सहित विभिन्न गांवों के सरपंच, पूर्व सरपंच एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# खेरली गंज में 1 फरवरी को क्षेत्रीय महासमागम, पूर्वी राजस्थान में राजपूत समाज की एकता और भविष्य का होगा ऐतिहासिक प्रदर्शन

**महवा-मंडावर क्षेत्र के राजपूत समाज ने प्रचार-प्रसार में झोंकी पूरी ताकत, गांव-गांव पहुंचाया महासमागम का संदेश।**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.महवा-मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल** । राजपूत समाज की सामाजिक एकजुटता को मजबूत आधार देने तथा समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक उत्थान पर सार्थक व ठोस मंथन के उद्देश्य से आगामी 1 फरवरी, रविवार को अलवर जिले के खेरली गंज में एक भव्य क्षत्रीय महासमागम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। समस्त पूर्वी राजस्थान क्षत्रिय समाज के बैनर तले आयोजित होने वाले इस महासमागम में खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, डीग, दौसा, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिलों से राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से शुरू होने वाले इस आयोजन को लेकर पूरे पूर्वी राजस्थान में समाज के भीतर उत्साह, सक्रियता और एकजुटता का माहौल साफ दिखाई दे रहा है। महासमागम के



प्रचार-प्रसार को लेकर महवा-मंडावर क्षेत्र के राजपूत समाज ने पूरी ताकत झोंक दी है। गांव-ढाणियों से लेकर समाज के प्रमुख ठिकानों तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक समाजबंधु इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। राजपूत महासभा महवा-मंडावर के अध्यक्ष वैद्य दशरथ सिंह केसरी ने बताया कि समाज के लोगों के बीच व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर क्षत्रीय महासमागम में भाग लेने का आमंत्रण दिया जा रहा है और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का विशेष आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज की एकता, आत्मसम्मान और अधिकारों को मजबूती से सामने रखने का सामूहिक प्रयास है, इसी भावना के साथ प्रचार अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। इस अवसर पर राजपूत सभा महवा-मंडावर के अध्यक्ष वैद्य दशरथ सिंह केसरी के साथ सरजीत सिंह खेडली, नारायण सिंह, मंगू सिंह राजपुर, एडवोकेट धर्म सिंह केसरा, एडवोकेट भरत सिंह धौलखेड़ा, पूर्व सरपंच घनश्याम सिंह, कुलदीप सिंह धौलखेड़ा, रामराज सिंह, रामबाबू सिंह, धारा सिंह, रणवीर सिंह, धर्म सिंह बदनपुरा, कजोड़ सिंह नांगल, सुमेर सिंह, तेज सिंह, हरि सिंह और कान सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे। समाज के वरिष्ठ जनों का कहना है कि खेरली गंज में होने वाला यह क्षत्रीय महासमागम केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं बल्कि आने वाले समय में पूर्वी राजस्थान के राजपूत समाज की दिशा और दशा तय करने वाला प्रभावशाली मंच सिद्ध होगा, जहां एकजुट होकर समाज के अधिकारों, भागीदारी और भविष्य को लेकर निर्णायक और बुलंद आवाज उठाई जाएगी।

# बहरोड़ थाने के कोतवाल पर अवैध हिरासत और थर्ड डिग्री टॉर्चर के आरोप

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।

**रमेशचंद** । नीमराना - कोटपुतली-बहरोड़ जिले के पुलिस थाना बहरोड़ के कोतवाल विकांत शर्मा सहित तीन पुलिस कर्मियों पर अवैध हिरासत, थर्ड डिग्री टॉर्चर और दबाव बनाकर कीमती दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में पीड़ित यशवंत सिंह यादव निवासी माजरी कलां ने भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश खींची को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 16 जनवरी 2026 को यशवंत सिंह यादव के भतीजे उम्मेद सिंह को कोतवाल विकांत शर्मा ने फोन कर थाने बुलाया। थाने पहुंचने पर मुकेश प्रधान निवासी बहरोड़ और अमित कुमार सैनी निवासी बर्डोद को भी बुलाया गया। आरोप है कि अमित कुमार सैनी से 20 लाख रुपये का लेनदेन लंबित है, जिसका चेक बाउंस हो चुका है, जबकि मुकेश प्रधान से जमीन का लेनदेन जुड़ा हुआ है। पुलिस द्वारा दोनों के पक्ष में राजीनामा



कराने और जमीन का फुल पेमेंट एग्रीमेंट करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार मना करने पर उम्मेद सिंह को जबरन लॉकअप में डाल दिया गया। अगले दिन उसे कोतवाल के कार्यालय में लाकर पैरों को बांधकर तलवों पर डंडों से बेरहमी से पीटा गया। बाद में यशवंत सिंह यादव को भी थाने बुलाकर उन्हीं शर्तों पर दबाव बनाया गया और इनकार करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई तथा संगीन मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शाम करीब 4:30 बजे दोनों को एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया, जहां उनकी जमानत स्वीकार हुई। पीड़ितों ने कोतवाल विकांत शर्मा, अन्य दो पुलिसकर्मियों, मुकेश प्रधान और अमित कुमार सैनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृह राज्य मंत्री, पुलिस महानिदेशक, सांसद व विधायक सहित उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुशील यादव, अश्वनी यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष माजरी कलां, राजपाल यादव पंचायत समिति सदस्य, नीरज यादव मंडल महामंत्री, राकेश खंडेलवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष नीमराना, माजरी कलां सरपंच प्रतिनिधि हरदीप यादव, प्रवीण, रणसिंह पूर्व सरपंच, रमेश जांगिड़, महेश दौराता, इंद्रजीत सेठ, अशोक, सतवीर, अभिजीत, कमल, जितेंद्र, खेमचंद स्वामी, राजमोहन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची ने बताया कि माजरी कलां के ग्रामीणों द्वारा बहरोड़ कोतवाल के खिलाफ थाने बुलाकर मारपीट करने और लॉकअप में बंद करने के आरोपों को लेकर ज्ञापन दिया गया है। मामले की जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत कांग्रेस की सिंघाना में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।

सिंघाना में मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के अंतर्गत आज कांग्रेस कार्यालय, सिंघाना में नगर/मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मनरेगा योजना पर हो रहे कथित हमलों के खिलाफ जनजागरण की रणनीति तय करना तथा आंदोलन को घर-घर तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ के लोकप्रिय विधायक श्रवण कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुहाना के अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री किशनलाल ज़ैदिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मानसिंह सहारण, मंडल अध्यक्ष अजयपाल ठिचोली, ढाणा सरपंच विकास सैनी तथा भोदन सरपंच प्रतिनिधि बिल्लू सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी एवं मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया ने किया। मंच संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस की ऐतिहासिक देन है, जिसने गरीब परिवारों के घर में चूल्हा जलाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा



के स्वरूप में बदलाव कर गरीबों के अधिकारों पर डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी सोच के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जो कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करेगा, उसे ही आगे प्राथमिकता दी जाएगी। निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की पार्टी को आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और मनरेगा के लाभार्थियों तक सच पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री किशनलाल ज़ैदिया ने संबोधन में कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार है। इसे कमजोर करना सीधे-सीधे ग्रामीण गरीबों पर हमला है। ब्लॉक अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, जय सिंह सैनी आदि ने भी अपने विचार रखते हुए आंदोलन को जन-जन तक ले जाने, गांव-ढाणियों में बैठकों और जनसंपर्क अभियानों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में आगामी कार्यक्रमों, प्रचार-प्रसार, रजिस्टर में कार्यवाही दर्ज करने तथा जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मनरेगा बचाओ - संविधान बचाओ आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। आज के कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मानसिंह सहारण, पूर्व कैबिनेट मंत्री किशन लाल जेदिया, ढाणा सरपंच विकास सैनी, भोदन सरपंच प्रतिनिधि बिल्लू सैनी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीपी सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, मंडल अध्यक्ष अजयपाल ठिचोली, ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, संगठन मंत्री रवींद्र दत, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष लकी शर्मा, पिंटू भार्गव, इक़बाल खान, विनोद कुमार मीणा, महासचिव प्रदीप गुर्जरवास, रवि मीणा, सचिव सत्यवीर गजराज, अशोक सैनी, महेश सैनी, रणजीत सैनी, मगेज सिंह सैनी, दिनजल, मेहताब सिंह ,आजाद सिंह, शुभकरण खटीक, राजू कुमावत, रामनिवास, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, भाताराम पंच, अजय सिंह, संजय कुमार, भूपेंद्र सैनी, नथूराम,शीशराम मीणा, पिंटू गुजरवास, संजय कुमार, विक्रम सिंह, महिपाल, अनुज कुमार, मनीष कुमार, रामप्रसाद, आकाश, राहुल सैनी, सुनील कुमार, नरेश, हिमांशु, विशाल, सुरेश, राजेंद्र कुमार, विवेक सैनी, अनिल, अजीत, मनीष कुमार, रमेश, रवि कुमार, नरेश सैनी, नीतीश आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# विधायक भागचंद टांकडा के मुम्बई प्रवास के दौरान प्रवासियों ने की मुलाकात, किया जगह- जगह स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।

तीन दिवसीय यात्रा पर मुम्बई पहुंचे बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक भागचंद टांकडा ने प्रवासियों से मुलाकात की। विधायक टाकडा शनिवार को इंडिगो एयरलाइंस से जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर मुम्बई एयरपोर्ट पहुंचे।मुम्बई प्रवास के दौरान बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा ने राजस्थान के प्रवासियों से मुलाकात की तथा इस दौरान प्रवासियों से सामाजिक स्थिति, राजनैतिक व व्यवसायिक स्थिति आदि के बारे में चर्चा परिचर्चा कर राइजिंग राजस्थान में निवेश करने का आग्रह करते हुए सरकार से संबिधित हर संभव मदद का आश्वासन दिया। यात्रा प्रवास के दौरान मलाड में



उधोगपति गिरधारीलाल राकसिया, थाने में नव निर्वाचित नगर सेवक पवन कांशीराम कदम, सीए प्रदीप जांगिड़,भाईंदर में उधोगपति मुरली बालाण, कांदिवली में सीए दिनेश कुमार सैनी के नेतृत्व में राजस्थान के प्रवासियों से मुलाकात की । यात्रा प्रवास के दौरान राष्ट्रीय ओबीसी महासभा (रजि.) राजस्थान के महासचिव बाबूलाल सैनी भी दौरें के दौरान विधायक सैनी के साथ थे। इस अवसर पर चार्टेड अकाउंटेंट प्रदीप जांगिड़, भाजपा शक्ति केन्द्र ठाणे अध्यक्ष परख शाह, अविनाश कुमार शाह,भामाशाह समाजसेवी दिलीप चुनवाल, मनमोहन मिश्रा, महेंद्र ब्यास, युवा उद्यमी कन्हैया लाल राकसिया, नटवरलाल सनवाली,सीए हजारीलाल, सुरेश कुमार, बलबीर सिंह, दिनेश गौड़ सहित राजस्थान के प्रवासियों ने विधायक टाकडा का जगह जगह स्वागत किया।

# मंडावा थाने में सीएलजी व शांति समिति की बैठक, ग्रामीणों से सुरक्षा में सहयोग की अपील



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** पुलिस थाना मंडावा परिसर में रविवार को थानाधिकारी रामनारायण चोयल, थानादार मुलायम सिंह की उपस्थिति में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी रामनारायण चोयल ने कहा कि कस्बे व गांवों की सुरक्षा में ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि चाहे दिन हो या रात, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सामुदायिक सहयोग से ही बड़े अपराधों को समय रहते रोका जा सकता है। बैठक के दौरान उन्होंने सभी सीएलजी सदस्यों से परिचय कर उनके क्षेत्र की समस्याएं सुनीं और त्वरित निपटारे का आश्वासन दिया। बैठक में साइबर फ्रॉड ,महिला ओर बच्चों की सुरक्षा ,यातायात नियमों ओर व्यवस्था सहित एपीके, पीडीएफ फाइल से सावधान रहने को लेकर भी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'पुलिस मित्र' पहल शुरू की गई है, जिसमें युवाओं की भागीदारी जरूरी है। साथ ही चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की। साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया और अनजान कॉल, एपीके व पीडीएफ फाइलों से बचने की सलाह दी। बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के साथ-साथ साइबर ठगी से लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस की और से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत लोगों से अपील करते हुए कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्कता बरतें। थानादार मुलायम सिंह ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर अपराध को रोकने व उससे बचाव के लिए स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में फर्जी फेसबुक प्रोफाइल, डेबिट, क्रेडिट कार्ड, सिम कार्ड स्वैपिंग, गूगल पे, फोन पे पर होने वाले अपराध और ओएलएक्स पर होने वाले फ्रॉड के बारे जागरूक किया। साइबर अपराधी हर रोज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसलिए अलर्ट रहना जरूरी है। कई ठग गिरोह बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने व लॉटरी लगने का झांसा देकर ठगी करने का प्रयास करते हैंउनसे सावधान रहने की बात कही। इस अवसर पर मंडावा नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कुमार सोनी,हजरत मोहम्मद आमीन कारी,राजेश कुलहरी संदीप शर्मा,शीशराम बुरड़क, राजेश रणजीरोत, संजय परिहार, बाबूलाल सैनी, छोटेलाल सैनी, इब्राहिम रंगरेज, संजय मील,हरीराम कुमास, मोहनलाल सैनी ,कैलाश पीपलवा सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।

# कम्बल, स्वेटर वितरण कार्यक्रम; जरूरतमंदों का सहयोग ओर सेवा करना एक बड़ा नेक कार्य :- मिश्रा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के बाल भारती विद्या निकेतन विद्यालय में ढण्ढों के बालाजी सोसायटी मंडावा के द्वारा कम्बल, स्वेटर वितरण कार्यक्रम सज्जनलाल मिश्रा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में नरेश कुमार सोनी नगरपालिकाध्यक्ष मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। डा. राधारमण शर्मा पूर्व निदेशक पशुपालन विभाग, डा. साधना शर्मा, डा. शुभम शर्मा, भास्कर शर्मा, वन्दना मिश्रा, हरीराम चेजारा, मदनलाल बाकोलिया एवं मांगेराम दहिया विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का प्रारंभ में दीप प्रज्जवलित कर शाला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। शाला कार्यकारिणी सदस्यों एवं अध्यापकों द्वारा अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम संयोजक एवं शाला निदेशक राजेन्द्र सनोदिया ने अपने स्वागत भाषण में



सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों का वर्णन किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं भामाशाह भास्कर ढण्ढ ने बताया कि यह कार्यक्रम सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के निमित्त किया जाता है । इस वर्ष भी 141 कम्बल एवं 31 स्वेटर शाला बच्चों को प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष सोनी ने बताया कि सोसायटी द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना बड़े ही हर्ष की बात है । इस दौरान इन्होंने बताया कि मौहल्ले के विकास के लिए गन्दे पानी की निकासी के लिए 25 लाख की स्वीकृति देकर जल्दी ही कार्य शुरू कर दिया जायेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सजन मिश्रा ने बताया कि पं. मुरलीधर ढण्ढ के परिवार द्वारा एवं इस सोसायटी द्वारा जो जनहित के कार्यक्रम किए जाते हैं सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि समय समय पर जरूरतमंदों का सहयोग ओर सेवा कार्य करना बड़ा नेक काम है। उन्होंने बताया कि इनका परिवार मंडावा के श्रेष्ठतम परिवारों में से एक है। इस दौरान प्रमोदकुमार कटारिया, किशनलाल रैगर, संतोषकुमार सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, राकेश सनोदिया, पूनम मारवाल, मंगलचंद सनौदिया, उमा पाराशर, राकेश मीणा, पायल चावला, मंजु सनोदिया, कमलेश कुमार, उषा सैनी, राकेश, मुन्ना धोबी सहित सैंकड़ों लाभार्थी व बच्चे उपस्थित थे।

# महाजन पंचायत भवन में मंडावा खंड मंडावा मंडल की बैठक आयोजित

## विराट हिन्दू सम्मेलन 8 फरवरी को मंडावा में होगा आयोजित, व्यापक स्तर पर होने वाली तैयारियों को लेकर हुई चर्चा।



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वाधान में होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजन को लेकर आज महाजन पंचायत भवन में मंडावा खंड के मंडावा मंडल केंद्र पर मंडावा में 8 फरवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित ई गई। बैठक में कार्यक्रमो की व्यापक स्तर तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान हिन्दू सम्मेलन समिति का भी गठन किया गया। समिति संरक्षक विद्याधर सैनी , मंत्री दिलराज सिंह ने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के तहत शोभा यात्राएं ,मुख्य वक्ता संबोधन,कलश यात्रा, बाइक रैली, झाकियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों ओर महा आरती को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम 8 फरवरी को 11 बजे फतेहपुर रोड स्थित वार्ड 2 में स्थित श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर में होना प्रस्तावित किया गया है। बैठक में राजेश रणजीरोत, भोलासिंह यदुवंशी, मधु खेमानी,बलदेव थलिया, पुरुषोत्तम सैनी, पुरुषोत्तम छापोला, मामराज सहित सर्व समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया।

# साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी और फर्जी सूचनाओं से सावधान रहे नागरिक: सीजेएम

## साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत पुलिस या साइबर अपराध विभाग में करे शिकायत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**



**आलोक भांडोरिया ।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने मैनेजिंग थे डिजिटल वर्ल्ड थिंक बिफोर यू शेयर अभियान के तहत सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमिटी बावल का दौरा किया। सीजेएम ने वहां के पैनल अधिवक्ता तथा मेडिएटर्स को साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी और फर्जी सूचनाओं के बढ़ते खतरे के बीच आम आदमी को कानूनी जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य पर चर्चा की तथा विस्तार से बताया। डालसा सचिव अमित वर्मा ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से बच्चों और किशोर को सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभाव से अवगत कराने पर केंद्रित है। इसमें फर्जी खबरों की पहचान करना और सत्यापन के लिए रुकना जांचना तथा रिपोर्ट करना के सिद्धांत को भी जनता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत पुलिस या साइबर अपराध विभाग में शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है जिस पर आम जन किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके फ्री कानूनी सहायता ली जा सकती है।भी ने अन्न के सम्मान और भोजन की बर्बादी रोकने के संकल्प के साथ समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में प्रवेंदर दौराता ने जीता सिल्वर, इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।**

एसकेएस स्कूल, डूमोली खुर्द के कक्षा 12 के होनहार छात्र प्रवेंदर दौराता पुत्र छाजूराम ने नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय, गांव व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बाद प्रवेंदर का चयन इंटरनेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है, जिसे लेकर विद्यालय परिवार व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।



उपलब्धि के उपरांत एसकेएस स्कूल परिसर में प्रवेंदर का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय निदेशक रामनिवास दौराता, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।विद्यालय निदेशक रामनिवास दौराता ने कहा कि प्रवेंदर की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय स्टाफ ने भी प्रवेंदर को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

# 'अन्न बचाओ, समृद्धि लाओ' अभियान से जुड़ा शान्ति इंटरनेशनल स्कूल, विद्यार्थियों ने ली भोजन अपव्यय न करने की शपथ

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

शान्ति इंटरनेशनल स्कूल पचेरी बड़ी में 'अन्न बचाओ और समृद्धि लाओ' अभियान के अंतर्गत प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. पीतराम सिंह गोदारा ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए भोजन की महत्ता, अन्न के सम्मान और अपव्यय रोकने की आवश्यकता पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ. गोदारा ने कहा कि अन्न केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, श्रम और प्रकृति का सम्मान है। उन्होंने बच्चों को यह संदेश दिया कि भविष्य की थाली तभी सुरक्षित रहेगी, जब आज का अन्न बचाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ को शपथ दिलाई गई कि वे अपनी थाली में उतना ही भोजन लेंगे, जितनी उन्हें भूख होगी, तथा अन्न को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य महावीर सिंह गोद, पूर्व व्याख्याता रणधीर सिंह यादव एवं निहाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भोजन की बर्बादी रोकना एक नैतिक और सामाजिक दायित्व है, जिसकी शुरुआत विद्यालयों से होनी चाहिए।विद्यालय के निदेशक सुमेर सिंह एवं चेयरमैन जगदेव सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यालय स्तर पर इस अभियान को नियमित रूप से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। इस अवसर पर पूनम यादव, मंजू





यादव, विजेन्द्र सिंह, अंकित अग्रवाल, विशाल, रामानन्द, सुजाता यादव, सपना, ममता, मीना, वंदना, पारुल यादव, अर्चना, मनीषा एवं नीलम यादव सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।कार्यक्रम के अंत में सभी ने अन्न के सम्मान और भोजन की बर्बादी रोकने के संकल्प के साथ समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# कंपनी कर्मचारी से मोबाइल फोन व नकदी छीनने के मामले में तीन नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**

**आलोक भांडोरिया ।** थाना कसोला पुलिस ने एक कंपनी कर्मचारी से मोबाइल फोन व नकदी छीनने के मामले में तीन नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव रसियावास निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छिन्ना हुआ मोबाइल फोन, 500/- रुपए की नकदी व वारदात में प्रयोग की गई एक स्विफ्ट कार बरामद की है। जांचकर्ता ने बताया की राजस्थान के जिला भरतपुर के उच्चैन निवासी मोहन सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह बावल आईएमटी की एक कंपनी में ठेकेदारी पर कार्य करता है। वह जलियावास गांव में किराए के मकान में रह रहा है। गत 16 जनवरी की रात वह कंपनी में ड्यूटी करने के बाद अपने कमरे की ओर जा रहा था। असाही फ्लाईओवर के पास एक स्विफ्ट कार उसके आगे आकर रुक गई। कार में चार लोग सवार थे, जो उसके हाथ से मोबाइल फोन व जेब से 500 रुपये छिन्न कर भाग गए। जिस पर पुलिस



ने थाना कसौला में मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त तीन नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर एक आरोपी गांव रसियावास निवासी धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छिन्ना हुआ मोबाइल फोन, 500/- रुपए की नकदी व वारदात में प्रयोग की गई एक स्विफ्ट कार बरामद की है। पुलिस ने तीनो नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया, जबकि आरोपी धीरज कुमार को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत हेलमेट चेकिंग का सघन अभियान

# हेलमेट नहीं पहनने पर होगी सख्त कार्रवाई, दुपहिया वाहन चालकों से की गई समझाइश, 61 चालान भी काटे

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट चेकिंग का सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। यातायात थाना प्रभारी टीआई राधेश्याम सांखला ने बताया कि अभियान के तहत रविवार को विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई, जिसमें बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चला रहे 61 चालकों के चालान काटे गए। इसके अलावा सैकड़ों वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में समझाइश दी गई। टीआई सांखला ने बताया कि हेलमेट न केवल कानूनन आवश्यक है, बल्कि यह दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन भी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान तथा आगे भी नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आईआईटी दिल्ली के छात्रों ने चिड़ावा क्षेत्र में जल व पर्यावरण संरक्षण कार्यों का किया अवलोकन





**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिडावा।**

जल एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को समझने के लिए 2 दिवसीय दौरे पर आए भारतीय प्रौधोगिकी संस्थान, नई दिल्ली से आए विद्यार्थियों के दल द्वारा आज रविवार अवलोकन के क्रम में आज रविवार को जखोड़ा एंव गोविन्दपुरा में रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा चिड़ावा क्षेत्र में किये जा रहे पानी, पर्यावरण संरक्षण, समन्वित कृषि प्रणाली संबधी विभिन्न कार्यो का अवलोकन किया एवं समझा।

दौरे के दौरान छात्रों ने संस्थान के संस्थापक और प्रवासी उद्योगपति रघुहरि डालमिया के सानिध्य में संस्थान की हुई पानी और पर्यावरण संबधित गतिविधियों को समझा और गोविंदपुरा के प्रगतिशील किसान हरिसिंह के बगीचे का अवलोकन किया। संस्थान के जल संसाधन एंव ग्रामीण विकास समन्वयक संजय शर्मा ने जखोड़ा गांव में दीवार पर जल से संबधित बनाई गयी फड़ पेंटिग, सरकारी स्कूल साइट, बी0पी0एल0 परिवारों में कुण्ड-बागवानी, गोविन्दपुरा के स्कूल में बने वर्षाजल मॉडल , पुनर्भरण कूप इत्यादि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उन्होनें कार्यो में समाज की सहभागिता के बारे में बताया। साथ ही संस्थान कृषि समन्वयक शुबेन्द्र भटट् द्वारा सभी को जैविक कृषि, फलवृक्षों के बगीचों का अवलोकन करवाया। साथ ही भूजल का स्तर कम से कम गिर पाए इसके लिए कम सिंचाई वाली फसलों के बारे में जानकारी दी। संस्थान द्वारा लगाये गये फलवृक्षों के बगीचों के बारे में जानकारी दी व छात्रों को बताया कि घटते भूजल स्तर को रोकने के लिए फसल उत्पादन की जगह बगीचा लगाना ही एकमात्र समाधान है। इस अवसर पर संस्थान के कृषि एंव जल संसाधन क्षैत्रिय पर्यवेक्षक बलवान सिंह, सूरजभान रायला,एंव आई0 आई0 टी0 दिल्ली से विद्यार्थियों का दल सहित अन्य प्रबुद्ध ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सभी वीएलई का पीसीसी व सीएससी बैनर होना अनिवार्य, अन्यथा सीएससी आईडी होगी बंद

## सीएससी वीएलई के लिए हुआ वर्कशॉप का आयोजन





**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**

**आलोक भांडोरिया ।** डीसी अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार रेवाड़ी के सभी सीएससी सेंटर वीएलई के लिए लघु सचिवालय सभागार में वर्कशाप आयोजित की गई जिसमें सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर अनमोल चंद व आरीफ ने सभी वीएलई को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य करे। उन्होंने बताया कि सरकार कि हिदायत अनुसार सभी मानकों को पूरा करे। उन्होंने बताया कि सभी सीएससी सेंटर वीएलई का पुलिस करेक्टर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। यदि किसी वीएलई का पीसीसी नहीं होगा उस सेंटर की आईडी को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत संचालित किए गए हैं। सीएससी के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र की कई सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं। इसमें सीएससी का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही छत के नीचे विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराना है। इनमें प्रमुख रूप से जैसे सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं, प्रमाण पत्र व दस्तावेजों के लिए आवेदन, डिजिटल भुगतान व ऑनलाइन आवेदन, बैंकिंग और बीमा सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने इस अवसर पर जिला स्तर पर अच्छे काम करने वाले सीएससी संचालकों को सम्मानित भी किया।

**जिला रेवाड़ी में 160 सीएससी आईडी अस्थाई रूप से की बंद -** सीएससी जिला प्रबंधक जगदीप यादव ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का पालन न करने वाले सीएससी केंद्रों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया जिला रेवाड़ी में अब तक 160 सीएससी आईडी को अस्थाई रूप से बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों कॉमन ब्रांडिंग, रेट चार्ट, पुलिस वैरिफिकेशन, अधिकृत बैनर व आवश्यक दस्तावेजों की न होने के कारण सी.एस.सी. द्वारा तय नियमों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने बताया कि सी.एस.सी. का संचालन केवल निर्धारित स्थान, अधिकृत ब्रांडिंग एवं तय मानकों के अनुसार ही किया जाना अनिवार्य है। किसी भी सी.एस.सी. केंद्र द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना पूर्व सूचना के संबंधित सी.एस.सी. आई.डी. बंद की जा सकती है।

उन्होंने सभी सी. एस. सी. केंद्र संचालक को निर्देश दिए कि इसके तहत नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य सी.एस.सी. केंद्रों के तहत आम नागरिकों को पारदर्शी, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी सी.एस.सी. संचालक स्थायी संचालन स्थल सुनिश्चित करें, कॉमन सी.एस.सी. ब्रांडिंग एवं रेट चार्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करे। उन्होंने बताया कि सभी संचालक पुलिस वैरिफिकेशन, बॉयोमैट्रिक व आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें। इस अवसर पर स्टेट टीम के अभिमन्यु शर्मा, अशोक बिश्नोई सहित वीएलई गुरावड़ा अजीत, बूढ़पुर राहुल, रवीन्द्र, अभिषेक, प्रदीप, रणसिंह, संजू चौहान, योगेश सहित जिला के अन्य वीएलई भी मौजूद थे।

# मेवा देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने 230 मरीजों को दी नि:शुल्क जांच और दवा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड के घिलोट मे मेवा देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, घिलोठ में रविवार को आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में 230 मरीजों को नि:शुल्क जांच और दवा वितरित की गई। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, हड्डी व जोड़ों के रोग, नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच की गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अशोक, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र देव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. नितेश राज एवं डॉ. कुलदीप ने अपनी सेवाएँ देकर मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया। अस्पताल निदेशक डॉ. नितेश राज एवं डॉ. कुलदीप ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य उन लोगों तक चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचाना है, जो आर्थिक कारणों से नियमित इलाज नहीं करा पाते। शिविर के सफल आयोजन में अस्पताल प्रबंधन टीम से मनोज कुमार, सत्येंद्र यादव, साथ ही डॉ. रविन्द्र खींची, डॉ. नितेश राज खींची सहित समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई : 53 लाख रुपये की धोखाधड़ी प्रकरण में एक और सह-आरोपी काबू

**मामले में अब तक कुल चार आरोपी काबू, जांच जारी-एस एच ओ ,थाना शहर इन्स्पेक्टर कुलदीप सिंह**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना शहर टोहाना पुलिस ने करीब 53 लाख रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य सह-आरोपी को काबू किया है। काबू किए गए आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इस प्रकरण में तीन आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सह-आरोपी हरिंदर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी नांगला, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद को काबू किया गया। जांच में यह सामने आया है कि



आरोपियों ने आपस में साजिश रचकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर शिकायतकर्ता व उसके पति को अधिक मुनाफे का झांसा दिया और कुल 53,00,000 रुपये की राशि धोखाधड़ी से हड़प ली। महिला शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों द्वारा फर्जी कंपनी, फर्जी दस्तावेज तथा झूठे निवेश मॉडल के माध्यम से यह राशि प्राप्त की गई। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 509, दिनांक 16.09.2024, धारा 406, 420, 120-बी आईपीसी, धारा 4, 5, 6 पीसीएमसीएस एक्ट 1978 तथा 3(2) एचपीआईडीएफई एक्ट 2013 के तहत मामला दर्ज है। मामले में धोखाधड़ी की राशि की बरामदगी, अन्य संलिप्त आरोपियों की भूमिका तथा साजिश से जुड़े सभी पहलुओं को लेकर पुलिस द्वारा गहन जांच जारी है।

# एसआईटी फतेहाबाद की बड़ी कार्रवाई : जाली करंसी रखने के आरोप में दो आरोपी काबू

**BSNL एक्सचेंज रतिया के पास अल्टो कार से रू1.40 लाख की जाली मुद्रा बरामद**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद/रतिया।

**रजत विजय रंगा** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में एस आई टी फतेहाबाद ने जाली करंसी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से रू1,40,000 की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई है। आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस संबंध में डीएसपी क्राइम कुलवंत सिंह ने बताया कि थाना शहर रतिया क्षेत्र में BSNL एक्सचेंज के पास पुलिस टीम गश्त व पड़ताल पर मौजूद थी। इसी दौरान एक अल्टो कार में सवार दो व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौके से भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार का पीछा किया और कुछ दूरी पर जाकर वाहन को रोककर दोनों व्यक्तियों को काबू किया गया। पूछताछ के दौरान कार चालक ने अपना नाम मंगत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी मिराना बताया, जबकि कंडक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रवि पुत्र मलकराम निवासी मिराना बताया। कार की विधिवत तलाशी लेने पर रू100, रू50, रू20 व रू10 के कुल रू1,40,000 के नोट बरामद हुए, जो प्रथम दृष्टया जाली प्रतीत हुए। आरोपियों से



बरामद नोटों के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दें बरामद जाली करंसी को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया। इस संबंध में थाना शहर रतिया में अभियोग संख्या 21 दिनांक 18.01.2026, धारा 179, 180 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है तथा आगे की कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

# ट्रॉला बुक कराने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

**आलोक भांडोरिया ।** थाना क्षेत्र माडल टाउन पुलिस ने गत वर्ष मई माह में एक व्यक्ति से सामान भेजने के लिए ट्रॉला बुक कराने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला गोंदा के गांव मधपुर पंडित हाल आबाद कोलकाता के जिला हुगली के शारदा भवन फरमी डागरोड निवासी दीपक शुक्ला के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया की गत वर्ष 30 जून को गढ़ी बोलनी रोड रेवाड़ी स्थित एक सोसायटी निवासी संजय यादव ने अपनी शिकायत में बताया था कि



दिनांक 9 मई 2025 को उसने माल भेजने के लिए एक ट्रॉला बुक कराना था। इसके लिए उसने महाराष्ट्र के भिवंडी की दिशा लॉजिस्टिक फर्म के मालिक अनिल शर्मा से संपर्क किया था। उसने आरोप लगाया था कि अनिल शर्मा ने उससे एक लाख रुपये दो अलग अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ ठगी की गई है। जिस पर पुलिस ने थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला गोंदा के गांव मधपुर पंडित हाल आबाद कोलकाता के जिला हुगली के शारदा भवन फरमी डागरोड निवासी दीपक शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खाते में ठगी के 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# फतेहाबाद पुलिस के भूना थाना की कार्रवाई : चोरी के मामले में नाबालिग को अभिभावकों के समक्ष जांच में किया शामिल

**मामले में 05 आरोपी पहले ही काबू, अनुसंधान जारी**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद/भुना।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना भूना पुलिस द्वारा चोरी के एक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को उसके अभिभावकों की मौजूदगी में जांच में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पूर्व में ही 05 आरोपियों को काबू किया जा चुका है। थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि गांव गोरखपुर स्थित वार्ड नंबर 19, जोहड़ धमाना क्षेत्र में एक बंद मकान से चोरी



की घटना सामने आई थी। शिकायतकर्ता की पहचान फूल सिंह पुत्र गंगाबिशन निवासी गांव गोरखपुर, जिला फतेहाबाद, हाल निवासी जिला हिसार के रूप में हुई। शिकायत के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर से गार्डर, स्टील के पलंग, गैस सिलेंडर व चूल्हा, पानी की मोटर, लोहे की पाइप, मेज, बैटरी तथा इन्वर्टर सहित अन्य घरेलू सामान चोरी किया गया।शिकायत के आधार पर थाना भूना में अभियोग संख्या 347, दिनांक 22.11.2025, धारा 305 व 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। गहन जांच के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस चोरी की वारदात में संलिप्त 05 आरोपियों को काबू कर लिया था आगे की जांच में एक नाबालिग की संलिप्तता भी सामने आई, जिसे नियमानुसार उसके अभिभावकों के समक्ष जांच में शामिल किया गया है। मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों को लेकर अनुसंधान जारी है।थाना भूना पुलिस द्वारा मामले की निष्पक्ष, गहन और कानूनी जांच की जा रही है तथा आगामी कार्रवाई तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अमल में लाई जाएगी।

# फतेहाबाद पुलिस की तत्परता : खोया हुआ 10 वर्षीय बालक सकुशल परिजनों से मिलवाया

**बालक को समय रहते सुरक्षित घर पहुँचाने में पुलिस की कुशल और संवेदनशील कार्रवाई**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। इसी क्रम में ईआरवी 218 को एक इवेंट प्राप्त हुआ, जिसमें कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि धागंड के पास एक करीब 10 वर्षीय बालक अकेला मिला है। सूचना मिलते ही ईआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बालक से पूछताछ की। पुलिस टीम ने बालक को विश्वास में लेकर उसकी जानकारी जुटाई तथा उसके गांव में संपर्क स्थापित किया। फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि बालक अपनी बुआ के घर आया हुआ था और रास्ता भटक गया था। इसके बाद पुलिस



टीम द्वारा बालक की बुआ राधिका, निवासी परसू राम चौक, काठ मंडी से संपर्क किया गया। सभी तथ्यों की पुष्टि उपरांत बालक को पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर फतेहाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया। यह कार्रवाई फतेहाबाद पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो हर परिस्थिति में आमजन की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**दोनों पक्षों की सहमति से निपटाए जाएंगे मामले-सीजेएम**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

**आलोक भांडोरिया ।** रेवाड़ी जिला स्थित न्यायिक परिसर में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा करवाना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक



रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम अमित वर्मा ने आमजन से अपील की है कि शनिवार, 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाएं। कोर्ट में अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से हल करवा लेने में ही फायदा है, जिससे कि समय कम लगे और मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए। कोई भी केस में कोर्ट में चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है। लोक अदालत में आदमी आकर विवाद को सुलझा ले तो यह वहीं समाप्त हो जाता है।

**20 साल पुराना नौकर 52.50 लाख चुराकर बिहार भागा**

# जयपुर में बिजनेसमैन को 22 लाख का पता चला, पुलिस ने नक्सली इलाके से पकड़ा

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** नए साल का जश्न मनाने विदेश गए जयपुर के एक बिजनेसमैन के घर से 52.50 लाख कैश चोरी हो गए। बिजनेसमैन को 22 लाख की चोरी का ही पता चला। पुलिस जांच में घर का 20 साल पुराना नौकर ही चोर निकला। पुलिस ने जयपुर से 1500 किलोमीटर दूर बिहार के नक्सली इलाके से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के 52.50 लाख रुपए बरामद किए। बजाज नगर थाना पुलिस ने रविवार दोपहर आरोपी नौकर को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। जयपुर की बजाज नगर थाना पुलिस ने 52.20 लाख रुपए रिकवर किए। एसीपी (मालवीय नगर) विनोद शर्मा ने बताया- चोरी के मामले में आरोपी मंटू उर्फ रामू उर्फ मनोज ठाकुर (40) निवासी बेलहर बांका बिहार को अरेस्ट किया है। वह पिछले 20 साल से बजाज नगर क्षेत्र के देव नगर में रहने वाले एक्सपोर्ट बिजनेसमैन के घर नौकर था। सालों से घरेलू नौकर होने के कारण पूरे परिवार को उसके ऊपर विश्वास था। उसकी हर कमरे में एंट्री भी थी। इसका फायदा उठाकर वह परिवार के बाहर जाने पर अलमारियों खोलकर थोड़े-थोड़े रुपए चुराकर अपने गांव भेजने लग गया था। मालिक को मालूम नहीं चलने पर उसके हौसले बढ़ गए। पीड़ित बिजनेसमैन की ओर से 12 जनवरी को बजाज नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट में बताया- परिवार सहित 1 जनवरी को घूमने के लिए विदेश गए थे। नौकर मंटू भी छुट्टी लेकर अपने गांव चला गया।

# राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण श्रमिकों से किया संवाद

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना/भूना।

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को गांव ढाणी साँचला, भोजराज एवं जांडली खुर्द में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) - वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण श्रमिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने योजना के उद्देश्य, प्रावधानों एवं लाभों की जानकारी दी तथा श्रमिकों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना। राज्यसभा सांसद बराला ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार कर श्रमिकों को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि रोजगार दिवस बढ़ने से देश में ग्रामीण अकुशल श्रमिकों की औसत आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। हरियाणा में इसका लाभ और अधिक होगा, क्योंकि यहां न्यूनतम मजदूरी दर देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी किया जाएगा, जो श्रमिकों के अधिकारों का मजबूत



और वैध दस्तावेज होगा। साथ ही धान की कटाई के दौरान 60 दिनों तक कार्य बंद रहेगा, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हों। ग्रामीण विकास कार्यों को चार श्रेणियों में विभाजित कर क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाया गया है। बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया वीबी-जीरामजी कानून श्रमिकों को न्याय, पारदर्शिता और उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह योजना गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर पलायन रोकेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। श्री बराला ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं श्रमिक वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रमिक उपस्थित रहें।

# खंडेलवाल समाज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**शशि दुसाद (मारवाड़ी) अध्यक्ष व सावित्री दुसाद व स्नेहलता झालानी बनी उपाध्यक्ष।**

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** शहर की गढ़ रोड स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में रविवार को खंडेलवाल समाज की महिलाओं की महत्वपूर्ण और सर्वसम्मत जनरल मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने और सामाजिक सहभागिता को और मजबूत करने को लेकर ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में उपस्थित महिलाओं की सहमति से खंडेलवाल समाज मंडावर महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिससे संगठन में नई ऊर्जा और दिशा के संचार की अपेक्षा जताई गई। बैठक में पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के अनुभव, समर्पण और संगठन के लिए किए गए योगदान को देखते हुए उन्हें संरक्षिका का



दायित्व सौंपा गया। महिला मंडल की अध्यक्ष के रूप में शशि दुसाद (मारवाड़ी) को चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर सावित्री दुसाद के साथ स्नेहलता झालानी को जिम्मेदारी दी गई। मंत्री पद की जिम्मेदारी ममता दुसाद (बीएस ट्रेडर्स) को सौंपी गई तथा सहमंत्री के रूप में माया महरवाल को चयनित किया गया। संगठन की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कोषाध्यक्ष पद पर रेणू ठाकुरिया और सहकोषाध्यक्ष पद पर श्वेता चौधरी को दायित्व दिया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए ममता (जयशिव), ममता दुसाद, सपना दुसाद और बबीता घीया को संयोजक बनाया गया, वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बबीता झालानी, दीपिका झालानी, ममता मामोडिया, सीमा मामोडिया, शशि दुसाद और शिमला ठाकुरिया को शामिल किया गया। कार्यकारिणी के गठन के बाद उपस्थित समाज की महिलाओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया तथा मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों ने महिला मंडल का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन को एकजुट रखते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में महिला मंडल के नेतृत्व में आगामी बसंतोत्सव को बड़े उत्साह और सामूहिक सहभागिता के साथ धूमधाम से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय भी लिया गया।

# अवैध नशीला पदार्थ गांजा बेचने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

**आलोक भांडोरिया ।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा बेचने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव जीवड़ा निवासी पंकज उर्फ जानी व गांव पाल्हावास निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17.85 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया की गत 17 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि थी की पंकज उर्फ जानी निवासी गांव जीवड़ा व सचिन निवासी गांव पाल्हावास नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करते है। जो वह अभी गांजा बेचने के लिए अपनी बाइक पर गांव पाल्हावास नहर के पास खड़े हुए है। जिस



सूचना पर पुलिस ने तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम पंकज उर्फ जानी निवासी गांव जीवड़ा व सचिन निवासी गांव पाल्हावास बतलाया। जो ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपियों की तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 17.85 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रोहड़ाई में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# महवा अनाज मंडी चोरी कांड का खुलासा : गिरोह का मुख्य सरगना गिरफ्तार, 50 हजार नकद बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज़.महवा।

**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे की अनाज मंडी में हुई बड़ी चोरी की वारदात का पुलिस थाना महवा ने प्रभावी खुलासा करते हुए गिरोह के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 50 हजार रुपये की नकद राशि बरामद की है, जबकि इससे पूर्व इस घटनाक्रम में शामिल विधि से संघर्षरत एक किशोर को निरुद्ध कर उसके पास से 20 हजार रुपये बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर थाना चाकसू जयपुर से पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी ने गिरोह के साथ मिलकर महवा अनाज मंडी की सात दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है तथा पूछताछ के दौरान बालाजी नगर महवा, गणपति



इंटरप्राइजेज कार्यालय महवा और चाकसू क्षेत्र में दो अन्य चोरी की घटनाओं सहित कुल पांच स्थानों पर चोरी करना कबूल किया है। यह कार्रवाई महवा वृत्ताधिकारी मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी महवा राजेन्द्र कुमार मीना के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस ने दिनांक 15 जनवरी 2026 को अनाज मंडी चोरी प्रकरण में वांछित आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू मीना को प्रोडक्शन वारंट के जरिए जिला कारागृह दौसा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद की गई गहन पूछताछ में आरोपी के पास से चोरी की 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई, जिससे प्रकरण में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 29 दिसंबर 2024 को अनाज मंडी महवा निवासी सुमन कुमार पुत्र हरिप्रसाद महाजन ने थाना महवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 दिसंबर 2024 की रात अज्ञात चोरों द्वारा अनाज मंडी की सात दुकानों से नगद राशि चोरी कर ली गई। इस रिपोर्ट के आधार पर थाना महवा में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पहले विधि से संघर्षरत एक किशोर को निरुद्ध कर उसके कब्जे से चोरी की 20 हजार रुपये की राशि बरामद की थी और अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ पूरे गिरोह तक पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र चन्द्रलाल मीना, उम्र 26 वर्ष, निवासी पाली थाना महवा जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से थाना क्षेत्र में घटित अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी गहन अनुसंधान जारी है और आने वाले समय में और भी चोरी की वारदातों के खुलासे होने की पूरी संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### गगन थापा को पीएम पद का चेहरा बनाएगी नेपाली कांग्रेस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली कांग्रेस आगामी चुनाव में गगन थापा को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में सामने रखकर लड़ने की तैयारी में है। पार्टी के उपसभापति विश्वप्रकाश शर्मा ने यह बात सार्वजनिक रूप से कही है। शर्मा ने यह प्रतिक्रिया निर्वाचन आयोग के विशेष महाधिवेशन से चुनी गई गगन थापा नेतृत्व वाली कार्यसमिति को पार्टी की आधिकारिक इकाई के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव संबोधन में कहा कि अब पार्टी को आंतरिक विभाजन से ऊपर उठकर एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। उनका कहना था कि विशेष महाधिवेशन के समर्थन में हस्ताक्षर करने या न करने के आधार पर पार्टी के भीतर कोई दूरी या गुटबंदी नहीं रहनी चाहिए। अब समय आ गया है कि सभी साथियों को साथ लेकर कांग्रेस को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा। उपसभापति शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी आगे चलकर युवाओं, विशेष रूप से जेन-जी आंदोलन द्वारा उठाए गए सुशासन के मुद्दों को गंभीरता से संबोधित करेगी। उन्होंने कहा, परिवर्तन वही ला सकता है, जो खुद बदलने के लिए तैयार हो।

### ब्राजील : बोल्सोनारो को बेहतर सुविधाओं वाली सेल में भेजा

**रियो दि जनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय से पापुडा पेनिटेंटियरी कॉम्पलेक्स की अधिक बड़ी और आरामदायक सेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। 54 वर्ग मीटर की नई सेल है और में 10 वर्ग मीटर का खुला क्षेत्र है। अदालत ने इसे उच्च-प्रोफाइल कैदियों के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियों वाला कदम बताया। बोल्सोनारो 2022 चुनाव हार के बाद तख्तापलट की कोशिश के मामले में 27 साल की सजा काट रहे हैं।

### कैलिफोर्निया से वोटर डाटा मांगने का ट्रंप प्रशासन का केस खारिज

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने कैलिफोर्निया से 2.3 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं का विस्तृत व्यक्तिगत डेटा मांगने वाले ट्रंप प्रशासन के मुकदमे को खारिज कर दिया। जज डेविड ओ. कार्टर ने इसे अवैध बताया। उन्होंने कहा कि चुनावों पर अधिकार कार्यपालिका मनमाने ढंग से नहीं ले सकती और ऐसा कदम मतदाता पंजीकरण पर नकारात्मक असर डाल सकता है। अदालत के अनुसार, निजी जानकारी को केंद्र में इकट्ठा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। न्यायाधीश ने कहा कि बिना कांग्रेस की अनुमति ऐसा करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के खिलाफ है।

### पाकिस्तान : नेशनल असेंबली में अचकजई नेता प्रतिपक्ष नियुक्त

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शुक्रवार को वरिष्ठ पख्तून कबाइली नेता महमूद खान अचकजई को नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। यह पद गत वर्ष अगस्त से खाली था। अचकजई को पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने नामित किया था।

### द. अफ्रीकी देशों में भारी बारिश-बाढ़ से 100 से ज्यादा मौतें

**हरारे, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के कई देशों में मूसलाधार बारिश और विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक और जिम्बाब्वे में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मोजाम्बिक सबसे अधिक प्रभावित है, जहां बिजली गिरने, डूबने और हैजा जैसी बीमारियों से 103 मौतें हुई हैं। मोजाम्बिक में 2 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। जिम्बाब्वे में भी इस साल की शुरुआत से अब तक 70 लोगों की मृत्यु हुई है और 1,000 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी प्रांतों में 19 मौतें दर्ज की गई हैं।

### इस्पात उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल के पिता का निधन

**लंदन , एजेंसी।** इस्पात उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल का 99 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। लक्ष्मी निवास मित्तल ने अपने पिता श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उनके 'प्रिय पिता' का गुरुवार शाम को लंदन में परिवार के बीच शांति से निधन हुआ। वह अपने 100वें जन्मदिन से केवल कुछ महीने दूर थे। उन्होंने कहा, मेरे पिता असाधारण व्यक्ति थे। उनका मजबूत धार्मिक विश्वास और मेहनत का नजरिया पूरे जीवन उनके साथ रहा। उनका जन्म राजस्थान के छोटे गांव राजगढ़ में एक साधारण परिवार में हुआ था। वे हमेशा परिस्थितियों का सबसे अच्छा उपयोग करना जानते थे और मानते थे कि मेहनत ही आमतौर पर हर समस्या का हल है।

# ट्रम्प की ग्रीनलैंड को लेकर दूसरे देशों को धमकी: कहा- कब्जे से रोका तो टैरिफ लगाऊंगा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, ट्रम्प ने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की तस्वीर सोशल मीडिया ङ्म पर शेयर की। इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा था- मिस्टर टैरिफ।

**ट्रम्प बोले- गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी :** ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से



अमेरिका को बचाना है।

**अमेरिकी संसद की टीम ग्रीनलैंड पहुंची :** ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वॉशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, 'हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो।' ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा, 'हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा।' उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**ग्रीनलैंड को लेकर दो गुट में बंटे अमेरिकी सांसद :** अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने फॉक्स न्यूज को बताया कि अमेरिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा, 'ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा।' बुधवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने बीबीसी से कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

**ग्रीनलैंड पर चर्चा के लिए वर्किंग ग्रुप बनेगा :** व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं। इसमें ग्रीनलैंड में ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।

**यूरोपीय देश डेनमार्क के समर्थन में आए, सैनिक भेज रहे :** यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में कदम बढ़ाए हैं। फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, नीदरलैंड और ब्रिटेन ग्रीनलैंड में एक निगरानी मिशन के तहत सीमित संख्या में सैनिक भेज रहे हैं। जर्मन विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में डेनमार्क का समर्थन करने के लिए 13 लोगों की एक टीम भेजेगा। वहीं, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने बुधवार को कहा कि डेनमार्क के कहने पर स्वीडिश आर्म्ड फोर्स के कई अधिकारियों को एक सैन्य अभ्यास में शामिल होने के लिए ग्रीनलैंड भेजा गया है। ट्रम्प बोले- संधि या लीज नहीं, ग्रीनलैंड पर पूरा कंट्रोल चाहिए ट्रम्प का कहना है कि रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी के कारण ग्रीनलैंड अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि सिर्फ संधि या लीज से काम नहीं चलेगा, बल्कि पूरा कंट्रोल चाहिए। इससे और सुविधाएं मिलेंगी।

## 'शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में नहीं ले सकते', मिनेसोटा की अदालत का आदेश; ट्रंप को झटका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिनेसोटा की एक अदालत ने शुक्रवार को अहम आदेश पारित किया। इस आदेश के तहत शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को संघीय अप्रवासन अधिकारी न तो हिरासत में ले सकते हैं और न ही उनके खिलाफ टियर गैस का इस्तेमाल कर सकते हैं। अमेरिका की डिस्ट्रिक्ट जज केट मेनडेज ने यह आदेश दिया। मिनेसोटा के छह सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिसंबर में इसे लेकर याचिका दायर की थी, जिस पर अब अदालत ने आदेश सुनाया है।

**अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा अप्रवासन विभाग**

ट्रंप प्रशासन में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें पकड़कर निर्वासित करने की प्रक्रिया चल रही है। मिनियापोलिस के सेंट पॉल इलाके में भी दिसंबर की शुरुआत से ही अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसका लोगों द्वारा विरोध भी किया जा रहा है। अमेरिकी सिविल लिबर्टीज यूनियन ऑफ मिनेसोटा के कार्यकर्ताओं द्वारा अप्रवासन विभाग की कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है।

इस संगठन का कहना है कि अप्रवासन विभाग के अधिकारी लोगों को संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। वहीं सरकारी



अटॉर्नी ने अप्रवासन विभाग और बॉर्डर पेट्रोलिंग अधिकारियों की कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि ये अधिकारी कानून के तहत ही काम कर रहे हैं।

**अप्रवासन विभाग के एजेंटों की गोली से हुई थी महिला की मौत :** मिनेसोटा में अप्रवासन विभाग की कार्रवाई का मिनेसोटा के डेमोक्रेट गवर्नर टिम वाल्ज और मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। बीते दिनों मिनियापोलिस में ही अप्रवासन विभाग के एजेंटों द्वारा रेनी निकोल गुड नामक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से मिनियापोलिस में व्यापक आक्रोश और शोक के माहौल है। मिनियापोलिस और सेंट पॉल में अप्रवासन विभाग की कार्रवाई को निलंबित करने की मांग को लेकर भी अदालत में याचिका दायर की गई है, जिस पर भी जल्द सुनवाई हो सकती है।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव का महासभा के अंतिम संबोधन में वैश्विक संकटों का जिक्र, बोले- तत्काल सुधार जरूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विश्व निकाय प्रमुख एंतोनियो गुटेरस ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधारों के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने चेताया कि जो वैश्विक ताकतें आज विशेषाधिकारों से चिपकी रहेंगी, उन्हें भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों का विस्तार शामिल है। गुटेरस ने इन्हीं बातों को 193 सदस्यीय महासभा में कहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव ने अंतिम महासभा संबोधन में वैश्विक संकटों का उल्लेख करते हुए कहा, सुधार उन सभी वैश्विक संस्थानों में होना चाहिए जो आज की दुनिया को प्रतिबिंबित करते हों। गुटेरस बोले, 1945 के समस्या-समाधान से 2026 की समस्याएं हल नहीं होंगी। यदि संरचनाएं हमारी वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं, तो वे वैधता खो देंगी। यूएन महासचिव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार उतना ही आवश्यक है, जितना कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की शक्ति संरचनाओं को अद्यतन करना।

**सुधार महत्वपूर्ण नहीं अनिवार्य हैं :** गुटेरस ने कहा, हमारी संरचनाएं इस बदलती दुनिया को प्रतिबिंबित करना चाहिए। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय-व्यापारिक संस्थानों में सुधार न सिर्फ महत्वपूर्ण है, बल्कि यह अनिवार्य है। उन्होंने कहा, यही बात सुरक्षा परिषद पर भी लागू होती है। गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि सुधारों में सबसे आगे रहना उन लोगों के हित में है जिनके पास सबसे अधिक शक्ति है। हम सभी को बदलाव के लिए पर्याप्त साहसी होना चाहिए। दुनिया इंतजार नहीं कर रही, हमें भी नहीं करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कुछ देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून का खुलेआम उल्लंघन करने की निंदा करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर कोई ऐसा मेन्यू (व्यंजन सूची) नहीं है, जिसमें से अपनी पसंद का नियम चुना जा सके। गुटेरस ने कहा, जब नेता अपनी सुविधा के हिसाब से यह चुनते हैं कि किस नियम को मानना है और किसे नहीं तो वे दुनिया की व्यवस्था को कमजोर करते हैं और एक बेहद खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।

## गाजा का पुनर्निर्माण करने वाले बोर्ड में टोनी ब्लेयर भी शामिल

**गाजा , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए 20 बिंदुओं वाला एक प्रस्ताव पेश किया था। अब उस प्रस्ताव को लागू करने के लिए ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर और अपने दामाद जेरेड कुशनर को शामिल किया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को बताया कि टोनी ब्लेयर बोर्ड के संस्थापक सदस्यों में से एक होंगे। अन्य संस्थापक सदस्यों में जेरेड कुशनर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के पश्चिम एशिया में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को शामिल किया गया है। टोनी ब्लेयर 1997 से लेकर 2007 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर रहे। उनके ही नेतृत्व में इराक युद्ध में ब्रिटेन शामिल हुआ था। पीएम पद छोड़ने के बाद टोनी ब्लेयर अंतरराष्ट्रीय शक्तियों अमेरिका, यूरोपीय संघ, रूस और यूएन के पश्चिम एशिया में विशेष दूत के



रूप में काम कर चुके हैं।

**क्या है ट्रंप का बोर्ड ऑफ पीस और ये कैसे काम करेगा :** बोर्ड के अन्य सदस्यों में अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ मार्क रोवेन, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बांगा, अमेरिका के उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल का नाम शामिल किया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि बोर्ड के सदस्य गाजा में स्थिरता लाने और दीर्घकालिक विकास योजना पर काम करेंगे। जिसमें शासन क्षमता निर्माण, क्षेत्रीय संबंध, गाजा में पुनर्निर्माण, निवेश, वित्तपोषण और पूंजी जुटाने का काम करेंगे।

बोर्ड ऑफ पीस के अलावा एक अलग फलस्तीनी टेक्नोक्रेटिक समिति भी बनाई गई है। इस 15 सदस्यीय समिति का नाम नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन है, जो गाजा में प्रशासन का काम देखेगी।

फलस्तीनी अथॉरिटी के पूर्व डिप्टी पीएम अली साथ इस एनसीएजी के अध्यक्ष होंगे। साथ ही बुल्गारिया के नेता और पश्चिम एशिया में यूए के विशेष दूत रहे निकोलाई म्लादेनोव इस समिति के सदस्य होंगे। ट्रंप की गाजा में अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल को तैनात करने की भी योजना है। ये बल फलस्तीनी पुलिस बल को प्रशिक्षित करेगा। अमेरिका के मेजर जनरल जेस्पर जेफर इस अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल का नेतृत्व करेंगे। अमेरिका की शांति योजना बीते साल अक्तूबर में लागू हुई थी, जिसके चलते गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम हुआ। हालांकि अभी भी गाजा के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस शांति योजना के दूसरे चरण में गाजा का पुनर्निर्माण कराया जाएगा और साथ ही हमास का निरशस्त्रीकरण भी कराया जाएगा।

## एपस्टीन फाइल्स की रिलीज पर सांसद नहीं कर सकते दखल, न्याय विभाग बोला- कांग्रेस का अधिकार नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चर्चित जेफरी एपस्टीन ट्रैफिकिंग मामले से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने को लेकर बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट (ष्ठह्रछ्व) ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस के सदस्य एपस्टीन फाइल्स की रिलीज प्रक्रिया में अदालत के जरिए हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

न्यूयॉर्क के मैनहैटन स्थित शीर्ष संघीय अभियोजक और यूएस अटॉर्नी जे क्लेटन ने एक पत्र के जरिए कहा कि जज के पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसी न्यूट्रल एक्सपर्ट या स्पेशल मास्टर की नियुक्ति करें, जो एपस्टीन और गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े



दस्तावेजों की सार्वजनिक रिलीज की निगरानी करे।

**दो सांसदों ने लगाए थे आरोप :** यह पत्र उस मांग के जवाब में भेजा गया है, जो अमेरिकी सांसद रो खन्ना (डेमोक्रेट) और थॉमस मैसी (रिपब्लिकन) ने की थी। दोनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि एपस्टीन फाइल्स की बेहद धीमी रिलीज कानून का उल्लंघन है और इससे पीड़ितों को दोबारा मानसिक आघात पहुंच रहा है। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा कि ये सांसद इस आपराधिक मामले के पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उन्हें अदालत से इस तरह की असाधारण राहत मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। विभाग के मुताबिक, जज पॉल ए. एंगेलमेयर के पास ऐसी नियुक्ति करने का अधिकार ही नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने संकेत दिए हैं कि वह जल्द ही अदालत को दस्तावेजों की रिलीज को लेकर प्रगति रिपोर्ट सौंपेगा। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह भी बताया कि अब तक करीब 12,000 दस्तावेज जारी किए गए हैं, जबकि कुल फाइलों की संख्या 20 लाख से अधिक है। रिलीज की प्रक्रिया इसलिए धीमी है क्योंकि पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए कई दस्तावेजों में संशोधन जरूरी है। गौरतलब है कि जेफरी एपस्टीन की 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या बताया गया था। वहीं उसकी करीबी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल को 2021 में नाबालिगों की तस्करी और यौन शोषण में मदद करने के आरोप में 20 साल की सजा सुनाई गई थी।

## 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने 1 करोड़ लोगों की जान बचाई: डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने वाले दावे को फिर दोहराया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें कम से कम 10 मिलियन (1 करोड़) लोगों की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच संघर्ष रोककर उन्होंने बड़ा योगदान दिया और इससे वे नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रंप ने कहा, 'एक साल में हमने 8 शांति समझौते किए, गाजा युद्ध समाप्त किया और मध्य पूर्व में शांति स्थापित की। भारत-पाकिस्तान जैसे दो परमाणु देशों के बीच लड़ाई रोकना अद्भुत था।' ट्रंप ने मई 2025 से लगातार यह दावा दोहराया है कि उनकी दबाव की वजह से दोनों देशों में शांति बनी।

यह घटना अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ी है, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हुई थी। भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। यह अभियान 6 से 10 मई 2025 तक चला, जिसमें भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दिखाई। 10 मई को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क कर संघर्ष समाप्त करने का अनुरोध किया, जिसके बाद सीजफायर पर सहमति बनी। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, यह सीजफायर दोनों देशों के बीच सीधे संपर्क से हुआ, किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। भारत ने हमेशा तीसरे देश की मध्यस्थता से इनकार किया है।

**शांति का नोबेल पुरस्कार मांग रहे ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप के दावों के बीच एक अन्य घटना में वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना माचाडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना नोबेल पदक भेंट किया, जिसे ट्रंप ने परस्पर सम्मान का अद्भुत इशारा बताया। हालांकि, नॉर्वेजियन नोबेल समिति के अनुसार, एक बार दिया गया पुरस्कार वापस नहीं लिया जा सकता, साझा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। ट्रंप के बार-बार दोहराए जा रहे दावों पर भारत की ओर से स्पष्ट इनकार है कि कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं था। यह मुद्दा ट्रंप की विदेश नीति उपलब्धियों और नोबेल की मांग से जुड़ा प्रचार बन गया है, जबकि भारत-पाकिस्तान संबंध सीधे द्विपक्षीय प्रयासों पर आधारित रहे।

## ईरान में विरोध शांत, इंटरनेट बंदी अब भी जारी; मौलवी ने की फांसी देने की मांग; ट्रंप को दी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद अब सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है, लेकिन सत्ता के गलियारों में गुस्सा और सख्ती बरकरार है। शुक्रवार को एक वरिष्ठ कट्टरपंथी मौलवी ने न सिर्फ गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की मांग की, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी खुली धमकी दी।

एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर के अंत में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन, जो पहले महंगाई और आर्थिक हालात को लेकर थे, धीरे-धीरे ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ खुली चुनौती में बदल गए। सरकार की कड़ी कार्रवाई के बाद अब तेहरान समेत देश के कई हिस्सों में जनजीवन सामान्य दिख रहा है, हालांकि इंटरनेट बंदी अब भी जारी है।

**अब तक 3090 लोगों की मौत :** अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि कार्रवाई में अब तक कम से कम 3,090 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा ईरान में दशकों में हुए किसी भी आंदोलन से कहीं ज्यादा बताया जा रहा है। हालांकि ईरानी सरकार ने अब तक आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या जारी नहीं की है।

**कट्टर मौलवी ने की सजा की चेतावनी :** इस बीच, शुक्रवार की नमाज के दौरान कट्टर मौलवी आयतुल्लाह अहमद खातमी ने भड़काऊ भाषण दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को इस्राइल और अमेरिका का एजेंट बताया और कहा कि हथियार उठाने वालों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी कड़ी सजा की चेतावनी दी।

दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप ने




वॉशिंगटन में बयान देते हुए कहा कि ईरान ने सैकड़ों लोगों को फांसी न देकर सही कदम उठाया है। उन्होंने इसके लिए ईरानी नेतृत्व का आभार भी जताया, जिससे संकेत मिला कि अमेरिका फिलहाल सैन्य कार्रवाई से पीछे हट सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम करने की कोशिशें भी तेज हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान और इस्राइल दोनों नेताओं से बातचीत की है। वहीं, कई खाड़ी देशों ने अमेरिका को चेताया है कि ईरान में सैन्य हस्तक्षेप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान हो सकता है। उधर, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने आंदोलन जारी रखने की अपील की है और खुद ईरान लौटने का दावा किया है। हालांकि देश के भीतर उन्हें व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा।



# मैं मुस्लिम, रामायण हिंदू..

## AR Rehman ने रणबीर कपूर की फिल्म में काम करने को लेकर कही बड़ी बात

ऑस्कर विनर म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने हाल ही में मुस्लिम होने के बावजूद फिल्म निर्माता नितेश तिवारी की अपकमिंग महाकाव्य फिल्म रामायण में काम करने के अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया।

एआर रहमान ने साफ किया कि कला और ज्ञान को धार्मिक सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। इस प्रोजेक्ट में ऑस्कर विजेता संगीतकार हंस जिमर के साथ काम कर रहे संगीतकार ने बताया कि उनकी परवरिश ने उन्हें बचपन से ही भारतीय महाकाव्यों से परिचित कराया।

**8 साल से नहीं मिला काम?**

बीते दिनों हमने आपको बताया था कि एआर रहमान ने कहा था कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में उन्हें पिछले 8 सालों से काम नहीं मिला है और इसकी वजह उन्होंने इंडस्ट्री में होने वाली राजनीति को बताया था। सिंगर ने अपने करियर और धार्मिक विश्वास को लेकर कई सारी बातें कीं। हाल ही में हुई एक बातचीत में, रहमान ने रामायण में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए आस्था और पहचान से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने धार्मिक विभाजन और छोटी सोच से ऊपर उठने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**ब्राह्मण स्कूल में की पढ़ाई**

रहमान ने कहा, 'मैंने एक ब्राह्मण स्कूल में पढ़ाई की है, और हर साल हमारे यहां रामायण और महाभारत पढ़ाया जाता था, इसलिए मैं कहानी जानता हूं।' रहमान ने कहा कि समाज को छोटी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें संकीर्ण मानसिकता और स्वार्थ से ऊपर उठना होगा। जब हम ऊपर उठते हैं, तो हम तेजस्वी हो जाते हैं, और यह बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें रामाण जैसे प्रोजेक्ट का हिस्सा होने पर गर्व है जो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। रहमान ने कहा, 'हंस जिमर यहूदी हैं, मैं मुसलमान हूं, और रामायण हिंदू धर्म पर आधारित है। यह भारत से पूरी दुनिया के लिए प्रेम के साथ आ रहा है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि मद्रास में दिलीप कुमार राजगोपाला के रूप में जन्मे रहमान ने 1989 में इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# करिश्मा कपूर को SC का नोटिस

## दिखाने होंगे तलाक के कागज, संजय कपूर की बहन ने प्रिया सचदेव को फटकारा

**संजय** कपूर की दोनों पत्नियों- एक्स वाइफ करिश्मा कपूर और तीसरी पत्नी प्रिया कपूर के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। संजय की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर विवाद है, जिसमें कोर्ट ने करिश्मा को तलाक के रिकॉर्ड दिखाने को कहा है। कोर्ट ने प्रिया कपूर की याचिका पर जवाब मांगा है।

**कोर्ट ने करिश्मा कपूर से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने एक्ट्रेस करिश्मा कपूर को नोटिस जारी कर प्रिया कपूर की उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने संजय कपूर से 2016 में हुए करिश्मा के तलाक के रिकॉर्ड मांगे हैं। प्रिया कपूर दिवंगत संजय कपूर की तीसरी पत्नी हैं और फिलहाल करिश्मा कपूर के बच्चों के साथ अपने पति की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। सुनवाई के दौरान करिश्मा कपूर के वकील ने याचिका का कड़ा विरोध करते हुए इसे बेबुनियाद और निजी कहा। न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए करिश्मा को अपनी आपत्ति बताने के लिए



कहा और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

**प्रिया ने करिश्मा से की डिमांड**

प्रिया ने अपने आवेदन में करिश्मा और संजय के तलाक के कागज दिखाने को कहा है। ताकि उनके दिवंगत पूर्व पति द्वारा किए गए दावों और बच्चों पर खर्च की व्यवस्थाओं का पता लगाया जा सके। इस मामले में संजय कपूर की बहन मंधिरा कपूर स्मिथ ने कहा, 'यह सब मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश है। पहली बात तो यह है कि अगर मेरे भाई को यह बात उनसे शेयर करनी होती, तो वे शादी के दौरान ही कर देते। इसलिए, मुझे समझ नहीं आता कि वह यह सब क्यों कर रही हैं।'

**संजय कपूर की बहन भी बोलीं**

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि तलाक गोपनीय मामला होता है। करिश्मा और संजय के बच्चे हैं। ऐसा नहीं है कि बिना बच्चों के तलाक हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि यह किसी और का निजी मामला है, सिवाय उन दो लोगों के जो इसमें शामिल हैं।'



## Dhanush के साथ शादी की खबरों पर Mrunal Thakur का जवाब, कहा- 'लोग कुछ भी...'

सेलिब्रिटी की शादियों को लेकर अफवाहें अक्सर तथ्यों से ज्यादा तेजी से फैलती हैं। इस बार मृणाल ठाकुर और धनुष इसका केंद्र बने। सुबह ये खबर आई कि कपल वैलेंटाइन्स डे के मौके पर 14 फरवरी को सात फेरे लेने वाले हैं। हालांकि मृणाल ने फैंस के दिल में ये खुशी ज्यादा देर टिकने नहीं दी। फैंस को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। हिन्दुस्तान टाइम्स ने एक्ट्रेस के करीबी से संपर्क किया जहां उन्होंने शादी की अफवाह को पूरी तरह से नकार दिया है।

### क्या वाकई शादी कर रहे मृणाल और धनुष?



अभिनेत्री के करीबी एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि शादी की खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा- 'मृणाल अगले महीने शादी नहीं कर रही हैं। यह एक अफवाह है जो बेवजह फैल रही है।' इस तरह कपल की शादी को लेकर उत्साहित फैंस की खुशी पल में छूमंतर हो गई। उन्होंने आगे बताया कि शादी की जो तारीख बताई जा रही है उस दौरान मृणाल की 'दो दीवाने शहर में'में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी। इस वजह से इस बात की और भी पुष्टि नहीं होती। इसके बाद मार्च में उनकी एक तेलुगु फिल्म रिलीज होने वाली है।

# Don लौट आया!

## रणवीर के आउट होते ही Shah Rukh Khan ने 'डॉन 3' के लिए बोला हां, सिर्फ एक शर्त पर करेंगे फिल्म?



फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रेंचाइजी डॉन के तीसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट तो बहुत है, लेकिन यह फिल्म शुरू ही नहीं हो पा रही है। पहले रणवीर सिंह शाह रुख खान को रिप्लेस कर डॉन बनने वाले थे, लेकिन धुरंधर की रिलीज के बाद एक्टर के भी डॉन 3 छोड़ने की खबरें आने लगीं। फिर एक और एक्टर को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया। मगर अब खबर है कि मेकर्स की आखिरी सुई अब असली डॉन यानी शाह रुख खान पर अटक गई है। इसका मतलब डॉन 3 में भी शाह रुख ही गैंगस्टर बनकर धमाल मचाने वाले हैं, लेकिन सिर्फ एक शर्त पर। ऐसी चर्चा है कि शाह रुख खान ने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रखी है और वह उसी शर्त पर डॉन 3 करेंगे।

### शाह रुख की डॉन 3 में वापसी?

टेलीचक्कर की रिपोर्ट की मानें तो शाह रुख खान डॉन 3 करने के लिए मान गए हैं और अपने आइकॉनिक रोल में वापसी के लिए एक्साइटेड भी हैं। हालांकि, उन्होंने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रख दी है जो उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के डायरेक्टर एटली से जुड़ी है।

### शाह रुख ने डॉन 3 के लिए क्या रखी शर्त?

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि शाह रुख तभी डॉन 3 का हिस्सा बनेंगे, जब एटली को फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक्टर फिल्म का स्केल और दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए एटली को शामिल करने की बात कह रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई फाइनल फैसला नहीं लिया गया है। मेकर्स और स्टार्स की तरफ से भी इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में दैनिक जागरण इसका दावा नहीं करता है।

### डॉन-डॉन 2 से धमाल मचा चुके हैं शाह रुख

बात करें डॉन 3 की तो यह फरहान अख्तर की हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। डॉन और डॉन 2 में शाह रुख खान ने अपने आइकॉनिक रोल्स से दर्शकों का दिल चुरा लिया था। हालांकि, तीसरे पार्ट में रणवीर सिंह उनकी जगह लेने वाले थे लेकिन अब उनका पत्ता भी कट गया है। यह भी कहा जा रहा था कि ऋतिक रोशन डॉन 3 में आ सकते हैं। अब देखते हैं कि शाह रुख की फिल्म में वापसी होती है या नहीं।

## TMKOC में पत्रकार पोपटलाल की होगी शादी!



**तारक** मेहता का उल्टा चश्मा ' पिंक सिटी जयपुर की में मजेदार एपिसोड के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, पूरी कास्ट ने पहली बार जयपुर में कुछ एपिसोड की शूटिंग की। शहर की संस्कृति और सेलिब्रेशन का माहौल हर किसी को पसंदआ रहा है। ये सब पोपटलाल से जुड़ा है। जयपुर के इस एपिसोड में, पोपटलाल, रूपा रतन का परिवार और टप्पू सेना शहर में पहुंचते नजर आएंगे। रूपा को एक रिश्तेदार का फोन आएगा। रिश्तेदार पोपटलाल के लिए एक रिश्ते का प्रस्ताव रखेगा, लेकिन एक शर्त के साथ। होने वाली दुल्हन एक अनोखी शर्त रखेगी। वह कहेगी कि मकर संक्रांति के दौरान जो भी उसकी पतंग काटेगा, वही उससे शादी करेगा। जैसे-जैसे मजा आगे बढ़ता है, पोपटलाल बढ़ती उम्मीदों और चुनौतियों के बीच फंसा हुआ नजर आएगा। हर पल एक नया सरप्राइज लेकर आता है, जिससे दर्शक यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या पोपटलाल आखिरकार मंडप तक पहुंच पाएगा या किस्मत ने कुछ और ही तय कर रखा है। शूटिंग की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, क्योंकि टीम ने असली लोकेशन पर शूटिंग की है। टप्पू सेना से लेकर पोपटलाल तक, जयपुर के लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को अपने शहर में शूटिंग करते देखकर बेहद खुश थे।

## सलमान खान से लेकर कपिल शर्मा तक, बी प्राक से पहले बिश्नोई गैंग ने इन कलाकारों को दी धमकी



**लॉरेंस** बिश्नोई गैंग ने सिंगर बी प्राक को धमकी दी है। इससे पहले बिश्नोई गैंग ने कई कलाकारों को धमकी दी है। बिश्नोई गैंग ने ज्यादातर धमकी उन कलाकारों को दी है जो सलमान खान से जुड़े हैं।

सिंगर बी प्राक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने धमकी दी है। धमकी के साथ सिंगर से 10 करोड़ रुपये भी मांग गए हैं। धमकी में कहा गया है 'दस करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे...।' सिंगर बी प्राक को मिली धमकी सिंगर दिलनूर को भेजे गए ऑडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दी गई है। सिंगर बी प्राक बॉलीवुड के मशहूर सिंगर हैं। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कई सेलेब्स को धमकी दी है। दिग्गज अभिनेता सलमान खान को बिश्नोई गैंग से लगातार धमकियां मिली हैं। उनके घर पर 14 अप्रैल 2024 को हमला भी हुआ था। इसकी वजह से उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। बताया जाता है कि सलमान खान ने कथित तौर पर काले हिरण का शिकार किया था जिसकी वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। भोजपुरी स्टार पवन सिंह को सात दिसंबर 2025 को बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। धमकी में कहा गया था 'सलमान खान के साथ काम न करें।' पवन सिंह 'बिग बॉस' के फाइनल में बतौर मेहमान शामिल होने वाले थे, इससे पहले उन्हें धमकी मिली। धमकी के बाद भी पवन सिंह शो में शामिल हुए थे।

कपिल शर्मा को अगस्त 2025 में बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। पहले कनाडा में मौजूद उनके कैफे पर हमला हुआ। इसके बाद उनको गैंग से धमकी मिली है। बताया गया कि कॉमेडियन ने सलमान को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 में बुलाया था। इसलिए उन्हें धमकी मिली थी। धमकी का ऑडियो सामने आया था, जिसमें कहा गया था 'जो सलमान के साथ काम करेगा वो मरेगा।' 14 दिसंबर 2024 को राजपाल यादव को एक ई-मेल मिला था जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। राजपाल यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। अंबोली पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सदाशिव निकम ने बताया 'मेल भेजने वाले ने बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा किया है।



# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अलीबाग में खरीदी 5.1 एकड़ जमीन

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड और खेल जगत के चर्चित कपल्स में से एक हैं, जो अक्सर ही किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।

अब हाल ही में इस कपल की ओर से खबर सामने आ रही है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर अलीबाग में एक प्रॉपर्टी खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने मोटी रकम अदा की है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, विराट-अनुष्का पिछले महीने ट्रिप के दौरान अलीबाग गए थे और तभी इन्होंने एक और प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसका सौदा अब उन्होंने पक्का कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और उनके क्रिकेटर पति ने 5.1 एकड़ जमीन खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने लगभग 37.86 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रॉपर्टी के कागजों से यह जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि जीराद गांव में स्थित यह जमीन समीरा लैंड एसेट्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक सोनाली अमित राजपूत से खरीदी गई है।

डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स ने पुष्टि की है कि दो जमीनों के इस सौदे का रजिस्ट्रेशन 13 जनवरी को हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली के भाई विकास कोहली ने उनकी ओर से सारे पेपर वर्क किए। स्टांप ड्यूटी के लिए लगभग 2.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। बता दें, अनुष्का-विराट का यह अलीबाग में दूसरा बड़ा निवेश है।

साल 2022 में कपल ने रियल एस्टेट डेवलपर समीरा हैबिटेट्स से दो अलग-अलग प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें 19.24 करोड़ रुपये में लगभग आठ एकड़ जमीन शामिल थी। उस जमीन पर विरुष्का ने एक आलीशान हॉलिडे होम बनाया है।

## अर्चना पूरन सिंह के पति ने शराब पीने को लेकर उड़ाया बीवी का मजाक, काला नमक चावल की रेसिपी पूछने लगे लोग



**अर्चना** पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगोंने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं।

व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपये बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए।

अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही। मुझे ऐसे ब्रांड्स के साथ काम करना पसंद है जो मेरे वैल्यू से मेल खाते हों, जहां मुझे ऐसी कोई चीज न बेचनी पड़े जिस पर मुझे विश्वास न हो।' परमीत ने उनसे पूछा, 'तो, आप शराब नहीं बेचेंगी?' अर्चना ने जवाब दिया, 'आप शराब बेचेंगे। और आपके शरीर में जितनी शराब भरी है, आप उसे पूरे भारत में बेच सकते हैं। मेरे बारे में बात मत करो, मैं शराब नहीं पीती। मेरा नाम कपिल ने खराब किया है।'

# प्रतिवर्ष हो रहीं 10 लाख मौतें... वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट पर कांग्रेस हुई हमलावर, मोदी सरकार से पूछे सवाल

**-वायु प्रदूषण पर आधारित है रिपोर्ट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बढ़ते प्रदूषण को लेकर वर्ल्ड बैंक की हालिया रिपोर्ट के बाद सियासत तेज हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण हर साल करीब 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है। साथ ही इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर कहा, कि आखिर मोदी सरकार कब तक सच्चाई से मुंह मोड़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बैंक की यह रिपोर्ट 'ए ब्रीथ ऑफ चेंज' शीर्षक से जारी की गई है, जो इंडो-गैंगेटिक मैदानों और हिमालय की तलहटी में वायु प्रदूषण की स्थिति पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में हर साल लगभग 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है और क्षेत्रीय जीडीपी का करीब 10 प्रतिशत आर्थिक नुकसान



हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह रिपोर्ट व्यापक, तथ्यात्मक और सबूतों पर आधारित है। इसमें कोयला आधारित पावर प्लांट्स के उत्सर्जन मानदंडों को सख्ती से लागू करने और सबसे पुरानी व प्रदूषणकारी इकाइयों को तेजी से बंद करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा रिपोर्ट में शहर-केंद्रित योजनाओं से आगे बढ़कर कानूनी रूप से सशक्त एयरशेड-आधारित गवर्नेंस अपनाने पर जोर दिया गया है।

कांग्रेस नेता ने यह भी बताया कि रिपोर्ट में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विस्तार और इलेक्ट्रिफिकेशन, वाहन उत्सर्जन मानकों को सख्त करने और ईंधन गुणवत्ता में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एक्यूआई से जुड़ा स्वास्थ्य संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस लगातार मांग कर रही है कि वायु प्रदूषण (नियंत्रण और रोकथाम) अधिनियम, 1981 और नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (नाक्स), 2009 की समीक्षा की जाए, खासकर पीएम 2.5 पर फोकस के साथ।

इसके साथ ही कांग्रेस ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के बजट और भौगोलिक दायरे को बड़े स्तर पर बढ़ाने, प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए पीएम 2.5 को मानक बनाने और बिना किसी छूट या ढील के वायु प्रदूषण से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

## मौनी अमावस्या पर हादसा, घने कोहरे के कारण श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटी, पांच घायल

देवरिया (एजेंसी)। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सरयू नदी में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं के साथ रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मईल थाना क्षेत्र के पिपरा रामधर और जोगापुर गांव के समीप घने कोहरे के कारण श्रद्धालुओं से भरी एक जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में जीप सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु सलेमपुर से जीप में सवार होकर बरहज स्नान के लिए निकले थे। सुबह के समय दृश्यता कम होने और घना कोहरा होने के कारण चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग बचाव के लिए दौड़े। घायलों में लार थाना क्षेत्र के धवरिया निवासी रामप्रवेश चौहान और उनकी पत्नी चुन्नी देवी, जबकि सलेमपुर के रंभा देवी, प्रभुनाथ और उनकी पत्नी गीता देवी शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रभुनाथ और रंभा देवी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना के बाद से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया।

## बिहार में जज की पत्नी को मारी गोली, कोर्ट में आई थी गवाही देने

**-पति से चल रहा है तलाक का केस, देवरों समेत चार लोग में किया हमला**

पटना (एजेंसी)। बिहार के समस्तीपुर में तैनात जज संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना को झारखंड में गोली मारी गई है। उन्हें दो गोली लगी है। वंदना का गोड्डा कोर्ट में पति से तलाक का केस चल रहा है। संतोष कुमार साह पटोरी अनुमंडल में न्यायिक जज हैं। वंदना का कहना है कि वो शनिवार को अदालत से लौट रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया और अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वंदना सड़क पर गिर गईं, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक गोली मारने वालों में महिला के दो देवर भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन महिला की हालत को देखते हुए उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक वंदना कुमारी हनवारा थाना क्षेत्र के पुराना गांव की रहने वाली है। वंदना ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसकी सुनवाई गोड्डा कोर्ट में चल रही है। शनिवार को वह मामले में गवाही देने कोर्ट आई थीं। गवाही के बाद शाम में अपने मायके लौटते समय दो बाइक सवारों ने गोली चला दी। एक गोली जबड़े में, दूसरी पीठ में लगी। वंदना ने पुलिस को बताया कि हमलावर चार लोग थे, जिनमें उसके दो देवर भी शामिल हैं। इनमें से एक देवर का नाम गुड्डू साह बताया है।

## जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित पदार्थ जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके पास से चार किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बडगाम पुलिस ने मागम और हार्डपंजू क्षेत्रों में अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में अवैध पदार्थ बरामद हुआ। मागम में पुलिस की एक टीम ने बटपोरा क्रॉसिंग पर नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास एक थैला था और पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, जिससे पुलिस को शक हुआ। उस व्यक्ति को दबोच लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 2.1 किलोग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बटपोरा निवासी रौफ अहमद हाजम के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक अलग अभियान में पुलिस ने बोनिजानिगम गांव में नाका स्थापित किया और जांच में दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। दोनों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनकी पहचान इरफान अहमद मीर और ओवैस अहमद भट के रूप में हुई जो हरदुलतिना गांव के रहने वाले हैं। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2.185 किलोग्राम चरस जैसी सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## कार व ई-रिक्शा में भीषण टक्कर, तीन की मौत, चार गंभीर

हरिद्वार (एजेंसी)। हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर फेरूपुर क्षेत्र में कार-ई-रिक्शा की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में कार चालक विकास कुमार (फेरूपुर), यात्री चरण सिंह (कलियर, रुड़की) और ई-रिक्शा चालक आस मुहम्मद (नसीरपुर खुर्द, लक्सर) हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## संगन स्नान कर लौट रहे परिवार की कार पलटी, एक की मौत पांच घायल

घाटमपुर (एजेंसी)। जहांनाबाद रोड पर नौरंगा गांव के पास रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक की मौत हो गई और एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। यहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। बजाया जा रहा है कि चालक को झपकी लगने से हादसा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रावस्ती जिले के थाना कटरा क्षेत्र स्थित मौलाना खासियरी गांव के रहने वाले एक परिवार कार से प्रयागराज संगम स्नान करने गया था। वहां से वे लोग घाटमपुर क्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदार के घर आ रहे थे। रविवार सुबह नौरंगा के पास कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार में सवार चंद्रभान शुक्ला (46), केशरी नंदन (55), मनोज (40), राजन शुक्ला (30), नीतीश कुमार (32), भूरे (33) घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां से सभी घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। जहां पर चंद्रभान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## अलीगढ़ स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस की हुई जांच पड़ताल

अलीगढ़ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बीती रात उस वक्त भारी अफरा-तफरी मच गई जब देश की प्रीमियम ट्रेनों में शुमार दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस (तेजस रेक) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सनसनीखेज सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल हाई अलर्ट पर आ गईं और करीब 31 मिनट तक पूरा रेलवे स्टेशन परिसर और जिला प्रशासन गहरे तनाव और दहशत के साये में रहा। घटना की शुरुआत तब हुई जब पुलिस कंट्रोल रूम को एक गुमनाम फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने बेहद गंभीर दावा किया कि दिल्ली से पटना की ओर जा रही राजधानी तेजस एक्सप्रेस में विस्फोटक रखा गया है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया। ट्रेन उस समय अलीगढ़ क्षेत्र के करीब से गुजर रही थी, जिसे सुरक्षा कारणों से तुरंत अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकवाया गया। ट्रेन के रुकते ही भारी संख्या में पुलिस बल और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने मोर्चेबंदी कर ली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने ट्रेन के एक-एक कोच, पैंट्री कार और टॉयलेट की गहन तलाशी ली। इस दौरान ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों और उनके सामान को भी पूरी तरह जांचा गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और बारीकी से की गई जांच के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि ट्रेन में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल एक होक्स कॉल यानी फर्जी धमकी थी। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन रेलवे प्रशासन ने कोई जोखिम नहीं लिया और ट्रेन को कड़ी सुरक्षा निगरानी के बीच पटना के लिए रवाना किया गया। साथ ही पटना के रेलवे अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। इस फर्जी कॉल ने न केवल प्रशासन की नींद उड़ा दी, बल्कि देश की आधुनिक और लग्जरी तेजस-राजधानी जैसी ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों को लेकर एक बार फिर गंभीर चर्चा छेड़ दी है।

## आरजेडी की 25 जनवरी को होने जा रही बड़ी बैठक, तेजस्वी यादव को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अहम बैठक 25 जनवरी को पटना में आयोजित होने जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद यह पार्टी की पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें संगठन और नेतृत्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में तेजस्वी यादव को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में तेजस्वी यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मुहर लग सकती है। इसकी मुख्य वजह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बढ़ती उम्र और उनका अस्वस्थ रहना बताया जा रहा है। हालांकि अभी भी पार्टी के अधिकांश अहम फैसलों में तेजस्वी की भूमिका केंद्रीय बनी हुई है, लेकिन औपचारिक तौर पर उन्हें नेतृत्व सौंपने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान कथित भीतरघात करने वाले नेताओं पर भी कार्रवाई का फैसला लिया जा सकता है। चुनाव में अपेक्षाकृत खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी नेतृत्व संगठन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों की समीक्षा कर रहा है। माना जा रहा है कि अनुशासनहीनता और संगठनात्मक लापरवाही को लेकर सख्त रुख अपनाया जा सकता है। तेजस्वी यादव विदेश यात्रा से लौटने के बाद पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। बीते गुरुवार और शुक्रवार को उन्होंने अपने पटना स्थित आवास पर लगातार दो दिनों तक पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों में संगठन की मजबूती, विस्तार, बूथ स्तर पर सक्रियता और बिहार के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी जल्द ही राज्यव्यापी बिहार यात्रा पर निकल सकते हैं, जिस पर भी कार्यकारिणी की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 25 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे थे।

# संबित पात्रा ने बताया ईडी छापे से क्यों घबरा रहीं हैं सीएम ममता बनर्जी

**-बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को पैसे लेकर नागरिकता देने का गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जहां एक ओर गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रही हैं इसलिए ईडी के छापों से घबरा रही हैं। दरअसल नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि ममता बनर्जी 10 हजार रुपये लेकर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भारतीय नागरिकता दिला रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य और देश के करोड़ों रुपए इसी अवैध गतिविधि में खर्च किए जा रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कि बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को पैसे लेकर नागरिकता देने का काम कर रहीं हैं, इसी वजह से ममता बनर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से घबरा गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आई-पेक दफ्तर पर ईडी की छापेमारी के दौरान तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों ने फाइलें जबरन छीनकर ले जाने की कोशिश की।



संबित पात्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि ममता बनर्जी बंगाल को बांटकर चुनाव नहीं जीत सकतीं। भाजपा प्रवक्ता ने हाल ही में मुर्शीदाबाद में हुए प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को ब्लॉक किया गया, रेल सेवाएं रोकी गईं और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया।

यहां पर संबित पात्रा ने सवाल उठाया कि क्या मुर्शीदाबाद भारत का हिस्सा नहीं है? उन्होंने आरोप लगाया कि जब ट्रेनें जलाई जा रही थीं, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहराने की कोशिश की। संबित पात्रा ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर भी ममता सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया देश के कई राज्यों में चल रही है और संसद में इस पर चर्चा भी हो चुकी है, लेकिन बंगाल में मुख्यमंत्री असंवैधानिक और हिंसक तरीकों से इसे रोकने का प्रयास कर रही हैं। संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बीएलओ अशोक दास की आत्महत्या का मामला उठाते हुए कहा कि टीएमसी की धमकियों से परेशान होकर अशोक दास ने आत्महत्या कर ली। पात्रा ने दावा किया कि अशोक दास की पत्नी ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

संबित पात्रा ने कहा, कि जो बंगाल कभी 'सोनार बांग्ला' के नाम से जाना जाता था, वह आज 'रक्त-रंजित बांग्ला' बनता जा रहा है। टीएमसी नेता मोनिरुल इस्लाम के बयान पर संबित पात्रा ने कहा कि यह मामला राम-रहीम का नहीं, बल्कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा सुरक्षा बल ने कई बार पत्र लिखे और बैठकें कीं, लेकिन बंगाल सरकार ने सहयोग नहीं किया। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन तक नहीं दी जा रही। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस का इरादा बंगाल को कमजोर कर उसे बांग्लादेश से जोड़ने का है।

## ईरान से स्वदेश लौटे छात्रों ने बताई आप बीती कहा- डर में रहे घर पर खैरियत भी नहीं बता पाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान में जारी व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों और अस्थिरता के बीच भारतीय छात्रों और नागरिकों का स्वदेश लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। देर रात दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जब भारतीय छात्रों का जत्था उतरा, तो उनके चेहरों पर घर पहुंचने की खुशी और ईरान में बिताए गए खौफनाक दिनों का तनाव साफ झलक रहा था। तेहरान, अराक, कौम, शिराज और मशहद जैसे प्रमुख शहरों से लौटे इन छात्रों ने वहां के जो हालात बयां किए हैं, वे रूह कंपा देने वाले हैं। छात्रों के अनुसार, ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों की सड़कों पर भारी संख्या में सुरक्षाबल गश्त कर रहे हैं, बाजार पूरी तरह बंद हैं और आम नागरिक डर के साए में अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हैं।

तेहरान मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की छात्रा जोया सैय्यद ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि वहां देखते ही देखते हालात इतने बिगड़ गए कि भविष्य धुंधला नजर आने लगा। सबसे बड़ी चुनौती संचार के साधनों का ठप होना थी, इंटरनेट और फोन सेवाएं बार-बार बंद होने के कारण छात्र भारत में अपने परिजनों को यह भी नहीं बता पा रहे थे कि वे सुरक्षित हैं या नहीं। वतन वापसी के बाद जोया और उनके परिवार ने राहत




की सांस ली है, लेकिन अब उन्हें अपनी पढ़ाई और दोबारा ईरान लौटने की अनिश्चितता सता रही है। इसी तरह आमिर नामक छात्र ने बताया कि बड़े शहरों में अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं और जरूरी वस्तुओं की किल्लत शुरू हो गई है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, जो वहां बेहद दहशत में हैं।

हवाई अड्डे का नजारा बेहद भावुक कर देने वाला था, जहां कई हफ्तों से अपने बच्चों की सलामती की दुआ कर रहे अभिभावकों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। अली नकवी के नेतृत्व में लौटे एक समूह का स्वागत फूलों की मालाओं से किया गया। इस कठिन समय में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा छात्रों के लिए एक बड़ा संबल बना। छात्रों ने बताया कि जब वे वहां से निकल रहे थे, तब जगह-जगह तैनात ईरानी सुरक्षाकर्मी भारतीय तिरंगा देखकर उनकी मदद के लिए आगे आ रहे थे। हालांकि, विश्वविद्यालयों को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और अफवाहों के कारण वहां का माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली छात्राएं युसरा और अर्श भी सुरक्षित अपने घर पहुंच गई हैं। उन्होंने बताया कि महज दो महीने पहले ही उन्होंने डॉक्टर बनने का सपना लेकर एमबीबीएस में प्रवेश लिया था, लेकिन हालात ने उन्हें लौटने पर मजबूर कर दिया। वहीं, गाजियाबाद के मर्चेंट नेवी इंजीनियर केतन मेहता जैसे कई अन्य भारतीय अब भी वहां फंसे हुए हैं, जिनकी वापसी की उम्मीदें अब बढ़ गई हैं। हालांकि छात्रों का कहना है कि सभी भारतीय फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन वहां की अनिश्चितता ने उनके करियर पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। फिलहाल, भारत सरकार और अधिकारी ईरान में मौजूद अन्य भारतीयों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## 2026 गणतंत्र दिवस परेड में दिखेगी नई परंपरा, नदियों के नाम पर होंगी दर्शक दीर्घाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2026 की गणतंत्र दिवस परेड में एक नई परंपरा देखने को मिलेगी, इसमें दर्शकों के बैठने की जगहों को थीम के हिसाब से बदला गया है। परेड के रास्ते में बनी बैठने की जगहों को पहली बार नंबरों से नहीं पहचाना जाएगा। बल्कि लोगों के बैठने की जगह का नाम देश की प्रमुख नदियों के नाम पर होगा। इन दीर्घाओं का नाम यमुना, ब्यास, ब्रह्मपुत्र, गंगा, तीस्ता, चंबल, सतलुज, सोन, चिनाब, सोन, रावी, वैगई, पेरियार, गंडक, पेन्नार, नर्मदा, घाघरा, गोदावरी, कृष्णा, महानदी, सिंधु, कोसी, झेलम और कावेरी जैसी नदियों के नाम पर रखा गया है। यह वे नदियां हैं, जो देश के कई क्षेत्रों और राज्यों से होकर गुजरती हैं और लोकल आबादी के लिए जीवनरेखा का काम करती हैं। सदियों से इन नदियों ने देश की सभ्यता, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को भी आकार दिया है।

इस गणतंत्र दिवस पर ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले लड़ाकू विमान भी कर्तव्य पथ पर दिखाई देने वाले है। मुख्य आकर्षणों में से एक स्पेशल सिंदूर फॉर्मेशन होगा जो



ऑपरेशन की सफलता और संकल्प का प्रतीक होगा। राफेल, सुखोई, जगुआर और मिग-29 लड़ाकू विमानों सहित एक दर्जन से ज्यादा लड़ाकू विमान कर्तव्य पथ के ऊपर फॉर्मेशन में उड़ान भरने वाले है। इसके अलावा, लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ट्रांसपोर्ट विमानों वाले कई अन्य फॉर्मेशन भी इस भव्य हवाई प्रदर्शन का हिस्सा लेने वाले है।

पहली बार, भारतीय सेना की नई भैरव बटालियन कर्तव्य पथ पर मार्च करेगी और सुप्रीम कमांडर को सलामी देगी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कारगिल से इन नई लाइट कमांडो बटालियनों के गठन की घोषणा की थी। अधिकारियों के अनुसार, पांच भैरव बटालियन पहले ही बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सेना छह महीने के भीतर कुल 25 ऐसी बटालियन बनाने की योजना बना रही है। प्रत्येक बटालियन में करीब 250 बेहतरीन सैनिक होते हैं, जिन्हें तेज, अचानक और उच्च प्रभाव वाले ऑपरेशनों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

# पाक ने रची नापाक साजिश, इस्लामिक स्टेट के नाम से कश्मीर में कराना चाहता है हमले

**-इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य और खुफिया अधिकारी कर रहे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए साजिश रची है। खुफिया एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले एक रिपोर्ट के जरिए इसकी बात कही है। आईएसआई ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को निर्देश दिया है कि वह अपने फिदायीन दस्ते को इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रॉविंस के नाम के साथ जोड़कर घाटी में हमले करे। इस हाइब्रिड मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को बेकसूर साबित करना और भारत के खिलाफ प्लॉसिबल डिनाइबिलिटी बनाए रखना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य और खुफिया अधिकारी कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अहमद अहसान नवाज भी इसमें शामिल हैं जो पाकिस्तान सेना के एक्स कोर के प्रमुख हैं। ब्रिगेडियर फाईक अयूब आईएसआई का पीओके सेक्टर कमांडर है। रिपोर्ट के मुताबिक इन अधिकारियों ने लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद को अपनी रणनीति बदलने और यह तय करने का निर्देश दिया है कि किसी भी हमले में पाकिस्तान की सीधी भागीदारी के सबूत न मिलें।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक 12 सदस्यीय यह फिदायीन दस्ता कश्मीर के तीन प्रमुख जिलों में सक्रिय हो चुका है। उनमें बडगाम, किश्तवाड़ और श्रीनगर शामिल हैं, जो कि भौगोलिक और रणनीति रूप से अहम हैं। लश्कर का वरिष्ठ कमांडर अबू हुरैरा फिदायीन दस्ते का नेतृत्व कर रहा है। यह 2021 से सक्रिय है। मोहम्मद उमर खरगोश डिप्टी कमांडर है और हुरैरा का मुख्य सहयोगी भी है। अबू दुजाना का भी इसमें शामिल है, जिसने हाल ही में घुसपैठ की है। वह आत्मघाती हमलों के लिए प्रशिक्षित है।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि पाकिस्तान जानबूझकर अपने समर्थित आतंकवाद को इस्लामिक स्टेट के नाम से प्रमोट कर रहा है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला है पहचान छुपाना। यदि हमला आईएसकेपी के नाम पर होता है, तो वैश्विक समुदाय को यह लगेगा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क का काम है न कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का। हाइब्रिड मॉड्यूल के कारण जांच एजेंसियों के लिए मुख्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचना कठिन हो जाता है। इस इनपुट के बाद मध्य और दक्षिण कश्मीर में निगरानी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बल अब छोटे-छोटे सेल्स में बंटे इन आतंकियों को ट्रैक करने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com